हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## गरज-गरजकर बरसे बादल

मंगलवार को रायपुर में मौजूद नमी की वजह से भारी उमस परेशानी की वजह बनी हुई थी। चिपचिपाहट भरी गर्मी के बीच छाए बादल और गहरे हुए और दोपहर बाद जमकर गर्जना के साथ बरसने लगे। आधे घंटे में दो सेमी. से ज्यादा वर्षा से शहर तरबतर हो गया और उमस से राहत मिली। इसके अलावा दिन में माना, पेंड्रा, जगदलपुर तथा दुर्ग में भी अच्छी बारिश हुई। अनुमान है कि नवतपा के समाप्त होने तक वर्षा की गतिविधि जारी रह सकती है।

## प्रदेश में मानसून आने की सामान्य तिथि

- जगदलपुर से छत्तीसगढ़ प्रवेश 13 जून
- रायपुर समेत मध्य हिस्से में सक्रियता 16 जून
- अंबिकापुर समेत पूरे प्रदेश में सक्रिय 21 जून



# रायपुर में दो सेमी बारिश, मई में मानसून की छत्तीसगढ़ में दस्तक, ऐसा प्रदेश में पहली बार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के इतिहास में संभवतः पहली बार ऐसा होगा जब दक्षिण-पश्चिम मानसून मई के महीने में सक्रिय हो जाएगा। बंगाल की खाड़ी में मानसून द्रोणिका बन चुकी है जिसे उत्तर-पश्चिम दिशा में प्रबल होने की वजह से अगले दो दिन में छत्तीसगढ़ में दस्तक देने की संभावना है। उससे पहले रायपुर में असर दिखा। आधे घंटे में ही दो सेंटीमीटर बारिश हो गई। अचानक बारिश से शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। इसके साथ सक्रिय अन्य सिस्टम की वजह से अगले चौबीस घंटे में रायपुर समेत प्रदेश के अनेक जिलों में सीमांत बारिश होने की संभावना है।

प्रदेश में नवतपा की शुरुआत के साथ मौसम बदला हुआ है और किसी ना किसी ⏭ शेष पेज 14 पर

- बंगाल की खाड़ी में तैयार चुकी मानसून द्रोणिका, उत्तर-पश्चिम दिशा में प्रबल होगी
- प्रदेश का मौसम बदल चुका, पिछले चौबीस घंटे में कई इलाकों में हुई तेज वर्षा

### हवा का शियर जोन और चक्रवाती घेरा

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अभी एक ऊपरी हवा का शियर जोन 17 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित होने के साथ दक्षिण दिशा की ओर झुका हुआ है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ और उससे लगे पूर्वी विदर्भ के ऊपर स्थित है। एक द्रोणिका दक्षिण पूर्व राजस्थान से उत्तर छत्तीसगढ़ तक पश्चिम मध्य प्रदेश होते हुए विस्तारित है। इनके प्रभाव से अनेक स्थानों में हल्की से मध्यम और बस्तर के कई इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल-बाइक की लूट 4 के खिलाफ केस दर्ज



रायपुर। खम्हारडीह थाना क्षेत्र के चंडीनगर में लूटपाट की घटना हो गई। शौच करने जा रहे एक व्यक्ति को चार युवकों ने रोककर उसका मोबाइल और बाइक लूटकर फरार हो गए। घटना 27 मई की तड़के करीब 5.45 बजे की है। प्रार्थी होमराम साहू निवासी सृष्टि इम्पीरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह घटना के समय अपनी बाइक से शौच के लिए घर से निकला था, तभी रास्ते में दो स्कूटी पर सवार चार युवक उसके पास पहुंचे और रास्ते में रोककर उसका वाहन और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध 309-6, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### निर्माणाधीन मकान से एक लाख की चोरी



रायपुर। टिकरापारा पुलिस ने निर्माणाधीन मकान में चोरी की घटना के मामले में केस दर्ज किया है। प्रार्थी हरीश कुमार तारवानी निवासी टिल्लू चौक लाखेनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि देवपुरी में उसका मकान निर्माणाधीन है। उक्त मकान में 24-25 मई की दरमियानी रात कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर अंदर घुसा और 2 नग ब्रेकर मशीन, ड्रिल मशीन व अन्य सामान चोरी कर ले गया। चोरी गए सामानों की कुल कीमत लगभग एक लाख रुपए आंकी गई है।

### लैपटॉप-मोबाइल पार



रायपुर। सत्यम विहार कॉलोनी स्थित एक घर से अज्ञात चोर लैपटॉप और मोबाइल चोरी कर ले गया। प्रार्थी मानिका साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि विगत 13 मई की रात उसके घर का दरवाजा खुला हुआ था। इसी दौरान कोई अज्ञात चोर घर में प्रवेश किया और एक लैपटॉप और मोबाइल चोरी कर ले गया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305ए बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर धमकी, आरोपी गिरफ्तार



रायपुर। शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है। प्रार्थी प्रदीप यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 मई को शाम साढ़े छह बजे वह काम से घर आ रहा था। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला अमित यादव मिला, जिसने शराब पीने के लिए उससे पैसों की मांग की। उसने जब इंकार किया तो इस बात पर आरोपी ने चाकू से मार दूंगा कहते हुए धमकी दी और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अच्छी ग्रेडिंग के लिए लेन-देन की शिकायत आने के बाद 700 प्राध्यापकों को यूजीसी ने किया था बाहर

# इंतजार करता रहा दुर्गा कालेज, नहीं आई नैक टीम, वर्चुअल निरीक्षण, ऐसा प्रदेश में पहली बार

रुचि वर्मा ⏭ रायपुर

राजधानी के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित दुर्गा महाविद्यालय में नैक टीम ने आने से ही इनकार कर दिया। महाविद्यालय प्रबंधन नैक ग्रेडिंग के लिए आवेदन करने के बाद निरीक्षण का इंतजार कर रहा था, लेकिन अंतिम वक्त में नैक टीम द्वारा वर्चुअल निरीक्षण का फैसला किया गया। प्रदेश में यह पहली बार है, जब नैक ने किसी महाविद्यालय का निरीक्षण वर्चुअल मोड में किया गया है। देशभर में अब तक दो राज्यों में इस तरीके ने निरीक्षण किया गया है। इसमें महाराष्ट्र के 2 महाविद्यालय तथा पं.बंगाल का एक महाविद्यालय शामिल है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

भौतिक निरीक्षण के लिए आने पर टीम दो दिनों तक महाविद्यालयों का निरीक्षण करती है। वर्चुअल निरीक्षण के दौरान भी दो दिनों तक कैंपस का जायजा लिया गया। प्राध्यापकों से सवाल भी पूछे गए। महाविद्यालय द्वारा नैक टीम को निरीक्षण के लिए तीन तिथियां दी गई थी। नैक ने वर्चुअल निरीक्षण 16 व 17 मई को किया। इस दौरान वे संपूर्ण प्रक्रिया अपनाई गई जो ऑफलाइन निरीक्षण के दौरान अपनाई जाती रही है। दुर्गा ⏭ शेष पेज 14 पर

### महाराष्ट्र के 2 तथा पश्चिम बंगाल के एक महाविद्यालय का निरीक्षण इसी पद्धति से

#### ग्रेडिंग का महत्व दक्षिण के महाविद्यालयों में अधिक

निजी महाविद्यालय संघ के सचिव डॉ.देवाशीष मुखर्जी के मुताबिक, नैक ग्रेडिंग का महत्व अपेक्षाकृत दक्षिण भारत के महाविद्यालयों में अधिक है। यहां पालक और छात्र ग्रेडिंग देखकर ही दाखिला लेते हैं। इसके उलट मध्य भारत के महाविद्यालयों में छात्र शासकीय तथा प्राचीन और प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में प्रवेश लेते हैं। यह भी एक कारण है कि अच्छी ग्रेडिंग प्राप्त करने के लिए दक्षिण भारत के महाविद्यालयों द्वारा अधिक राशि दिए जाने की बात सामने आई। हालांकि प्रदेश के महाविद्यालयों में भी नैक रिश्वत कांड से पहले नैक ग्रेडिंग के लिए आने वाली टीम का स्वागत किसी बाराती की तरह किया जाता रहा है।



#### रविवि ने पहली बार जताई असंतुष्टि

पं.रविशंकर शुक्ल विवि को नैक द्वारा दो वर्ष पूर्व बी प्लस ग्रेड दिया गया था। इससे असंतुष्ट रविवि द्वारा पांच वर्ष पूर्ण होने के पहले ही दोबारा ग्रेडिंग के लिए आवेदन दिया है। रविवि के इतिहास में यह पहली बार है, जब विवि द्वारा नैक ग्रेडिंग से असंतुष्टि जताते हुए दोबारा आवेदन दिया गया हो। सूत्रों के अनुसार, रविवि ने इसके लिए आवश्यक कागजी कार्रवाई पूर्ण करते हुए मांगे गए दस्तावेज भेज दिए हैं। यहां भी जल्द ही नैक टीम के निरीक्षण के लिए आने और विश्वविद्यालय को नई ग्रेडिंग मिलने की संभावना है।

#### नैक का प्रस्ताव

यह हमारा फैसला नहीं था। नैक का प्रस्ताव था। हमारे पास कोई विकल्प नहीं था। देश के दूसरे राज्यों में ऐसा हो चुका है, लेकिन छग में दुर्गा महाविद्यालय पहला है।

**- डॉ. प्रोतिभा मुखर्जी**, प्राचार्य दुर्गा महाविद्यालय

#### यूजीसी के पास निरीक्षण के लिए प्राध्यापक नहीं

गौरतलब है कि बीते दिनों महाविद्यालयों को अच्छी ग्रेडिंग देने के बदले रिश्वत नैक टीम द्वारा रिश्वत लेने का मामला सामने आया था। देशभर के महाविद्यालयों में नैक निरीक्षण के लिए एक हजार प्राध्यापकों की टीम यूजीसी ने बनाई थी। रिश्वत का मामला सामने आने के बाद यूजीसी ने 700 प्राध्यापकों को बाहर का रास्ता दिखाया था। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, इन 700 प्राध्यापकों को बाहर निकाले जाने के बाद यूजीसी के मैन पॉवर में कमी आ गई है। यही कारण है कि प्रत्येक महाविद्यालय में ग्रेडिंग के लिए टीम नहीं भेजी जा रही है। इसके अलावा रिश्वत संबंधित मामले से खराब हुई छवि को भी सुधारने की कोशिश नैक कर रहा है। यूजीसी द्वारा नैक ग्रेडिंग के लिए दो विकल्प भी दिए जा रहे हैं। इनमें से पहला विकल्प ऑनलाइन है। इसे स्वीकार करने पर महाविद्यालय को संपूर्ण दस्तावेज यूजीसी को ऑनलाइन भेजने होंगे। इसके बाद महाविद्यालय को ग्रेडिंग नहीं दी जाएगी, उन्हें केवल नैक ग्रेडेड होने का तमगा मिलेगा। जबकि दूसरा विकल्प ऑफलाइन का है। इसका चुनाव करने पर पूर्व की भांति टीम निरीक्षण के लिए आएगी और ए, बी, सी सहित अन्य ग्रेड देगी। दुर्गा महाविद्यालय द्वारा दूसरे विकल्प का चुनाव किया गया था, लेकिन टीम ने वर्चुअल निरीक्षण किया।

# राज्य सूचना आयुक्त पद के लिए आज होगा इंटरव्यू कई पूर्व अफसर दावेदार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त के एक पद के लिए 28 मई को इंटरव्यू होगा। इससे पहले आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए दावेदारों के इंटरव्यू का काम पूरा हो गया है। इसके लिए बनाई गई कमेटी ने इंटरव्यू के बाद नाम की अनुशंसा राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग को सौंप दी है। अब सरकार मुख्य सूचना आयुक्त के नाम की घोषणा करेगी।

- दो पदों पर अब जल्द होगी नियुक्ति

### तीन साल से खाली मुख्य सूचना आयुक्त का पद

राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और आयुक्त का पद लंबे समय से खाली है। राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त रहे सेवानिवृत्त आईएएस एमके राउत 2022 में आयोग से विदा हो गए थे। इसी तरह आयोग में आयुक्त रहे सेवानिवृत्त आईएएस अशोक अग्रवाल भी नवंबर 2022 में ही सेवानिवृत्त हो गए थे। तब से दोनों पद खाली है। पूर्ववर्ती कांग्रेस ⏭ शेष पेज 14 पर

### दोनों पदों के लिए ये हैं प्रमुख दावेदार


सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त के दो पदों के लिए 33 दावेदार हैं, इसी तरह राज्य सूचना आयुक्त के एक पद के लिए 51 दावेदारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है। मुख्य सूचना आयुक्त के प्रबल दावेदारों में राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा, पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी, पूर्व आईएएस संजय कुमार अलंग, त्रिलोकचंद महावर और उमेश कुमार अग्रवाल के नाम हैं। इसी तरह राज्य सूचना आयुक्त पद के प्रमुख दावेदारों में पूर्व आईएएस अमृत कुमार खलको, बृजेश कुमार मिश्रा, डॉ. संजय कुमार ⏭ शेष पेज 14 पर

# भालू ने नोची थी नाक, डॉक्टरों ने माथे की त्वचा और कान की हड्डी से बना दी दूसरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जंगल में भालू के हमले से बुरी तरह घायल हो चुके वृद्ध को डीके सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के डाक्टरों ने शारीरिक के साथ मानसिक संबलता प्रदान की। भालू ने मरीज का चेहरा और नाक बुरी तरह नोच डाला था। उसे इलाज के लिए रायपुर लाया गया, जहां लंबी प्रक्रिया के बाद प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डाक्टरों की टीम ने उसके माथे की त्वचा और कान की हड्डी की मदद से उसकी नयी नाक बना दी। चिकित्सकों के मुताबिक कांकेर जिले ⏭ शेष पेज 14 पर

- डीके अस्पताल के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डाक्टरों ने की कठिनतम सर्जरी







### तीन महीने का इलाज और तीन सर्जरी

प्लास्टिक एंड कास्मेटिक सर्जन डा. कृष्णानंद ध्रुव ने बताया कि मरीज को तीन महीने पहले अस्पताल लाया गया था। उपचार की लंबी प्रक्रिया के दौरान उसका तीन बार ऑपरेशन करना पड़ा था। नाक की बनावट और कार्य को बहाल करने के लिए यह एक तकनीकी रूप से जटिल प्रक्रिया थी। हमने चेहरे के अनुरूप एक नई नाक बनाई, जो सौंदर्य और कार्यक्षमता दोनों दृष्टियों से संतुलित हो। सर्जरी की लंबी प्रक्रिया में असिस्टेंट प्रोफेसर डा. प्रीति पांडे, एसआर डा. संगीता और एनीस्थिसिया टीम के डॉ. मेघना मिश्रा और डॉ. लोकेश नेटी ने साथ दिया।

# पुलिस ने तस्करों को दबोचा, चीतल की खाल-हिरण के सींग जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वन विभाग की टीम ने मंगलवार को राजधानी रायपुर के विधानसभा रोड पर ज्ञान गंगा स्कूल के पास जानवरों की खाल और अवशेषों की तस्करी करने वाले एक गिरोह को पकड़ा है। इसके कब्जे से चीतल की खाल और हिरण की 5 सींग बरामद की गई हैं। ये तीनों बोलेरो वाहन में सवार होकर रायपुर में जानवर की खाल और अवशेष को बेचने के लिए पहुंचे थे। इनमें दो आरोपी कसडोल क्षेत्र के और एक रायपुर का रहने वाला है। विभागीय अधिकारी के अनुसार खाल और सींग का लगभग दो लाख रुपए में सौदा हुआ था। इस सौदे के तहत तीनों आरोपी मौके पर खरीदार का ⏭ शेष पेज 14 पर


### वन विभाग टीम की कार्रवाई



### जानवरों का शिकार कर खाल-अवशेषों को बेचने की आशंका

रेंजर दीपक तिवारी ने बताया कि आरोपियों के पास खाल और सींग कहां से आए, इस बारे में पूछताछ की जा रही है, लेकिन उन्होंने यह आशंका जरूर जताई है कि तीनों शिकारी भी हैं। जानवरों का पहले शिकार करते हैं और फिर उसकी खाल और अवशेषों को महंगे दाम पर बेचते हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने खाल और सींग का भी सौदा किया था। यह सौदा लगभग दो लाख ⏭ शेष पेज 14 पर

# गांव वालों के विरोध के बीच नंदनवन से जंगल सफारी शिफ्ट हुए तेंदुआ और लकड़बग्घा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गांववालों के विरोध के बीच आखिरकार मंगलवार को नंदनवन में सालों से विभागीय अनदेखी के शिकार हो रहे 3 तेंदुआ और एक लकड़बग्घा को जंगल सफारी में शिफ्ट कर दिया गया। विरोध में उतरे ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया है कि नंदनवन में मौजूद हिरणों की शिफ्टिंग नहीं की जाएगी।

अधिकतर जानवरों को जंगल सफारी में शिफ्ट किये जाने के बाद नंदनवन उजाड़ सा हो गया है। कुछ समय पहले ⏭ शेष पेज 14 पर

- नंदनवन में हो रहे थे विभाग की अनदेखी के शिकार



### कभी आबाद रहता था नंदनवन

जंगल सफारी बनने के पहले नंदनवन काफी आबाद रहता था। उस दौरान यहां काफी संख्या में जंगली जानवर, सरीसृप और रंग-बिरंगे पक्षी थे। सफारी में जानवरों को भेजे जाने के दौरान यहां बॉटनिकल गार्डन फिर रेसक्यू सेंटर बनाने की बातें सामने आती रही हैं। इस पर अंतिम निर्णय नहीं हो पाया। अंत में यहां ऐसे जानवरों को रखा गया जो निशक्त हो चुके थे। इसके बाद भी नंदनवन के संचालन में लाखों रुपये खर्च किये जाते रहे।

अब तक रविवि अध्ययनशाला में ही थी यह व्यवस्था, कॉलेजों में मेरिट के आधार पर मिलते रहे हैं दाखिले

# दिल्ली विवि की तर्ज पर रविवि के कॉलेजों में भी दाखिले के लिए परीक्षा, फिलहाल केवल लॉ में प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा डीयू की तर्ज पर प्रयोग करते हुए विधि पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नई व्यवस्था बनाई गई है। अब रविवि से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित विधि पाठ्यक्रम में भी दाखिले के लिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा दिलानी होगी। इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित बीएएलएलबी और एलएलएम पाठ्यक्रम में दाखिले विवि द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से दिए जाएंगे। ऐसे में जो छात्र इन विषयों में ⏭ शेष पेज 14 पर

### रविवि द्वारा जारी की गई अधिसूचना, प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से ही मिलेगा विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश

#### सीट से कई गुना अर्जी

जिन पाठ्यक्रमों में सीट से कई गुना अर्जी आती है, उसमें ही यह फॉर्मूला अपनाया जाता है। फिलहाल विधि पाठ्यक्रम में ही यह स्थिति है। बीए, बीकॉम आदि में अंतिम चरण तक प्रवेश मिल ही जाते हैं।

**- डॉ.देवाशीष मुखर्जी**, सचिव निजी महाविद्यालय संघ



#### नियम दर किनार कर दाखिले

शासकीय महाविद्यालयों में मेरिट आधार पर ही प्रवेश दिए जाते रहे हैं, लेकिन बीते एक-दो सत्रों से निजी महाविद्यालयों में नियम दर किनार कर दाखिले दिए जाने की शिकायत प्राप्त होती रही है। रविवि सहित प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों में विधि पाठ्यक्रम की सीटें सीमति हैं। इन विषयों में प्रवेश के लिए प्रत्येक वर्ष मारामारी की स्थिति रहती है। छात्रों में लॉ कोर्स के लिए क्रेज भी है। इसका भी फायदा निजी महाविद्यालय उठाते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लॉ संबंधित नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करने अथवा पहले से संचालित पाठ्यक्रम में सीट वृद्धि के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता अनिवार्य होती है। कड़े मापदंड होने के कारण ही लॉ सीटें सीमित हैं।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411




शुभेच्छु- व्यासनारायण चौबे, नरेन्द्र तिवारी, अशोक दीवान, एल. एन. तिवारी, डी. पी. तिवारी, एम. एल. पांडेय, व्यासनारायण शुक्ला, बीरेन्द्र शुक्ल, किरण पुराणिक, हरीश मिश्रा, प्रो. उषा दुबे, ज्ञानेश शर्मा, कुसुम शर्मा, भारती शर्मा, विभा तिवारी, प्रीति शुक्ला, सरिता शर्मा, सुनीता शर्मा, अविनाश शुक्ला, उमाकांत, नवीन शर्मा - वास्तुविद, हर्ष दीवान, आनंद पाण्डेय, प्रकाश तिवारी, ध्रुव, प्रमोद, एस. सी. तिवारी, भूपेन्द्र शर्मा, संजय दीवान, डॉ. मेघेश तिवारी, सुनील पाण्डेय, राजेन्द्र, मनोज शुक्ला, समरेन्द्र, रामावतार तिवारी, मयंक स्थापक, सुनील शर्मा, अशोक, दामोदर शर्मा, गज्जू उपाध्याय, निश्चय, सौमित्र, महेंद्र चौबे, यशवंत चौबे, सुरेश दुबे, प्रथम कुमार, अश्वनी तिवारी, रमेश शर्मा, विवेक, सौरभ शर्मा, परिवेश मिश्रा, सौमित्र मिश्रा, मयंक तिवारी, बंटी, मोनू, नीरज शर्मा, हर्षित शर्मा, हिमांशु तिवारी, सत्यम शुक्ला, पार्थ चौबे, शिवेन्द्र चौबे, सुयश शर्मा, अनिमेश शर्मा, विमल मिश्रा, आकाश दीवान, अक्षय दीवान, अमित दीवान, संदीप शर्मा, विजय शर्मा, राजू महाराज, गौरी शंकर दुबे, उत्कर्ष पाण्डेय, हरीश तिवारी, नवीन शुक्ला, शैलेन्द्र शर्मा, सागर मिश्रा, नीरज शर्मा, प्रतीक तिवारी, प्रवीण तिवारी, शलभ शर्मा, अजय तिवारी, प्रशांत शुक्ला, विनय शुक्ला, अनिकेत मिश्रा, अभिजीत तिवारी, भारती शर्मा, सुषमा शर्मा, रत्ना मिश्रा एवं मित्रगण.

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर नारी शक्ति को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



जनपद पंचायत सभाकक्ष में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जयंती श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरंग विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब शामिल हुए। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को महिला सशक्तिकरण, सेवा और न्याय का प्रतीक बताया और युवाओं से उनके विचारों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## श्रद्धा से मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर जयंती

**तिल्दा नेवरा।** अहिल्या बाई होल्कर की जन्म जयंती संगोष्ठी कार्यक्रम मंगलवार को जनपद सभागार में मनाई गई। जनपद पंचायत तिल्दा के सभागार में मंगलवार को अहिल्या बाई होल्कर की जन्म जयंती संगोष्ठी कार्यक्रम एवं नारी सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मंत्री टंक राम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए। मंत्री टंक राम वर्मा ने अपने उद्बोधन में महारानी अहिल्या बाई होल्कर की जीवनी पर विशेष प्रकाश डाला, उनके योगदान को याद किया। उन्होंने नारी शक्ति की परिभाषा भी बताई। इस अवसर पर महिलाओं का विशेष सम्मान किया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर सोनू मनहरे के नेतृत्व में आयोजित किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं का सम्मान किया गया।

## अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर महिला सम्मान समारोह





**धरसींवा।** आज धरसींवा जनपद पंचायत में महारानी देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर एक महिला सम्मान एवं संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पद्मश्री विधायक अनुज शर्मा ने नारी शक्ति को नमन कर उन्हें सम्मानित किया। शर्मा ने रानी अहिल्याबाई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे एक कुशल प्रशासक थी। जिन्होंने महेश्वर को राजधानी बनाकर अपने शासनकाल में राज्य में समृद्धि और विकास लाया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने 25 अगस्त 1996 को उनके सम्मान में एक डाक टिकट जारी किया था और उनके नाम पर एक पुरस्कार भी स्थापित किया गया है। विधायक ने अहिल्याबाई होल्कर के धैर्य, धर्मनिष्ठा और भारतीय संस्कृति के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रानी ने कन्याकुमारी से हिमालय तक अनेक मंदिरों, घाटों, तालाबों, दान संस्थाओं और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया। उन्होंने युद्धों को टालकर शांति स्थापित की और अपने राज्य को खुशहाल बनाया, यहां तक कि गरीबों और विधवा महिलाओं के कल्याण के लिए काम किया। इस कार्यक्रम में शकुंतला ढिलेन्द्र सेन, दिनेश खुटे, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, सहित बड़ी संख्या में नारी शक्ति और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शाखा प्रबंधक के बिना चल रहा जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक



**आरंग।** जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक रायपुर के अधीनस्थ मंदिर हसौद शाखा में शाखा प्रबंधक का पद रिक्त पड़ा हुआ है व स्टाफ की भी कमी है जिसके चलते ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शाखा प्रबंधक का रिक्त पद तुरंत भरने व कर्मचारी की कमी दूर करने की मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने सहकारिता विभाग के पंजीयक कुलदीप शर्मा को व्हाट्स ऐप के माध्यम से व जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि इस शाखा के अधीन 7 समितियां हैं जिसके अंतर्गत 60 ग्राम आते हैं। इन ग्रामों के किसानों के खाते इस शाखा में है। शाखा में रोजाना करीबन 60-70 लाख रुपये का संव्यवहार होने की जानकारी देते हुये बतलाया गया है कि खेती का मौसम शुरू हो गया है और समितियों में होने वाले खाद-बीज के भंडारण व इसके उठाव में किसानों को होने वाले परेशानियों का भी पर्यवेक्षण शाखा प्रबंधक के न होने से प्रभावी रूप से नहीं हो पा रहा है।

## मजदूरों के साथ मारपीट करने वाला सुपरवाइजर गिरफ्तार




■ अन्य आरोपी की तलाश जारी

**तिल्दा-नेवरा।** वक्रांगी कंपनी टंडवा में चाकू, रॉड, पाईप, आदि से मारपीट करने वाला सुपरवाईजर को पुलिस गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी के अन्य साथियो की पतासाजी की जा रही है। प्रार्थी सूरज ध्रुव जो कि वक्रांगी प्लांट ग्राम टंडवा में ठेकेदार के अंतर्गत क्रेन आपरेटर का काम करता है। रात अपने अन्य साथी ईश्वर निषाद के साथ ड्यूटी करने पहुंचा तब सुपरवाईर विक्की सिंह ने ड्यूटी पर लेट से आये हो कहकर अपने साथी गुरमीत सिंह के साथ मिलकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। आरोपीगण अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर लकडी के बत्ता, चाकू, लोहे के पाईप और रॉड से मारपीट कर चोटपहुंचाकर वहां से भाग गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5), 118(1) बीएनएस कायम कर आरोपियो की पतासाजी क्रम में आरोपी सुपरवाईजर विक्की सिंह उर्फ नरेन्द्र बघेल पिता बंशी लाल बघेल उम्र 34 वर्ष ग्राम बदनारा जिला बेमेतरा हाल पता वक्रांगी प्लांट टंडवा लेबर कालोनी के मिलने पर अभिरक्षा में लेकर उसके अन्य साथियो के संबंध में पूछताछ किया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त लकडी का बत्ता को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। प्रकरण में अन्य आरोपीगण घटना के बाद से फरार है जिनकी पता तलाश की जा रही है।

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता जोगीराज, रजवंतीन उर्फ नीरा जानकी, मानकी, मानकुंवर पिता-स्व. पंचम साहू, देवकी बाई, बेवा फिरंता, बालगोपाल, लेखराम, अनुप, गीता, तजीता, खेमलता पिता स्व. फिरंता निवासी-ग्राम टेमरी / फुंडहर, रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) वालो के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा नं. 225/7 रकबा 0.0050 हेक्टेयर, 225/22 रकबा 0.0260 हेक्टेयर, 412/17 रकबा 0.0970 हेक्टेयर, 412/19 रकबा 0.0570 हेक्टेयर एवं 412/21 रकबा 0.0530 हेक्टेयर भूमि इस प्रकार कुल खसरा 05 एवं कुल रकबा 0.2380 हेक्टेयर भूमि, जो कि वाके मौजा ग्राम-टेमरी, प.ह.नं.-78, रा.नि.मं.- रायपुर-एक, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में धारित की जाती है। यह कि उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का सौदा तय कर लीया गया है व विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर, (छ.ग.)
दिनांक 27/05/2025

**(करन कुकरेजा)**
**अधिवक्ता**
**गली नं.-3, श्रीमान श्रीमती, तेलीबांधा, रविग्राम, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 9109236413**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5273 दिनांक 20.09.2024 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई. डब्ल्यू.एस. फ्लैट-16/ 201 को श्रीमती ममता साहू पति स्व. श्री मनमोहन साहू के नाम पर नामान्तरण किया गया है। भवन का उप पंजीयन कार्यालय से दिनांक 07.02.2020 को विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में श्रीमती ममता साहू पति स्व.श्री मनमोहन साहू, निवासीः - मकान नं. 38, ग्राम - रजकट्टी, तहसील- राजिम, जिला-गरियाबंध (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री रोशन वैष्णव पिता श्री जगदीश वैष्णव निवासीः- झिर्वान, मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ. सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - ई.डब्ल्यू. एस. फ्लैट-16/201 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

### शपथपत्र

मैं ललित कुमार पाण्डेय LALIT KUMAR PANDEY उम्र 41 वर्ष पिता श्री शिवज्ञानी पाण्डेय निवासी शिवानंद नगर सेक्टर 3, सांई मंदिर के पास, शिवानंद नगर, रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं-

1. यह कि मेरा नाम वल्दियत व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड तथा पेन कार्ड मे मेरा नाम उपरोक्तानुसार ललित कुमार पाण्डेय LALIT KUMAR PANDEY अंकित है।
3. यह कि मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम ललित कुमार पाण्डेय की स्पेलिंग त्रुटिवश LALIT KUMAR PANDAY अंकित है।
4. यह कि LALIT KUMAR PANDEY एवं LALIT KUMAR PANDAY दोनो ही स्पेलिंग एक ही व्यक्ति के अर्थात मुझ शपथकर्ता के है।
5. यह कि किसी प्रकार के असत्य कथन की समस्त जवाबदारी मुझ शपथकर्ता की होगी।
6. यह कि उक्त कथनो की सत्यता मे यह शपथपत्र प्रस्तुत है ।

**शपथकर्ता**

सत्यापन - शपथपत्र की कंडिका 01 से 07 सत्य एवं सही है।
रायपुर छ.ग.
दिनांक 27/05/2025

**शपथकर्ता**

### आम सूचना

ग्राम फाफाडीह, रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि के संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने विक्रेता सूर्य प्रकाश राठी आत्मज श्री कन्हैया लाल राठी निवासी चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम- फाफाडीह, प.ह.नं.- 48, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में नगर निगम सीमा में स्थित परिवर्तित भूमि ब्लॉक/शीट नंबर 13 भूखण्ड क्रमांक 45/2 रकबा 1520 वर्गफुट को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है तथा जिसका पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय-अर्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर, दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.) दिनांक : 27/05/2025

**हरनामदास सुदंरानी, कौशलेन्द्र तिवारी, अनंत तिवारी अधिवक्तागण, लिबर्टी फोटो कापी सेंटर, कचहरी चौक, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.- 98261 81154**







## खबर संक्षेप




### एकता कांट्रेक्टर एसो की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**रायपुर।** पंडरी स्थित एक होटल में मंगलवार को एकता कांट्रेक्टर एसोसिएशन की राष्ट्र स्तरीय बैठक हुई। बैठक में महाराष्ट्र, ओडिशा, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के इंडियन ऑयल, एचपीसीएल, भारत पेट्रोलियम के लगभग 50 ठेकेदार शामिल हुए। ओडिशा से कुमुद रंजन एवं विभु कल्याण समेत छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से भी अनेक ठेकेदारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक के आरंभ में पूर्व कार्यकारिणी को भंग करते हुए नए चुनाव पर सहमति बनी। इसके बाद यश अग्रवाल एवं अजय दुबे ने अध्यक्ष पद के लिए यशवंत पुरोहित का नाम प्रस्तावित किया, जिसे सभी ने हाथ उठाकर अपना समर्थन दिया। यशवंत पुरोहित ने सचिव पद के लिए अविनाश धामने का नाम प्रस्तावित किया, इन्हें भी सर्वसम्मति से समर्थन प्राप्त हुआ। इसी दौरान समस्त ठेकेदारों ने गंभीरता से चर्चा की और समाधान के लिए निर्णय लेने के लिए समय-समय पर कार्यशालाएं आयोजित करने का सुझाव दिया।

### शिवसेना शिंदे का संगठन विस्तार, आगामी कार्ययोजना पर चर्चा भी



**रायपुर।** शिवसेना के प्रधान कार्यालय में विगत दिनों एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई। इस बैठक में यूबीटी के एचएन सिंह, संजय नाग, सनी देशमुख, संतोष मारकंडे, बल्लू जांगड़े, साई प्रजापति, विजय, प्रमोद साहू सहित सैकड़ों शिवसैनिकों शामिल हुए। बैठक में संगठन विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इसी दौरान बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हिंदुत्व, राष्ट्रहित तथा प्रदेश विकास के उद्देश्यों को लेकर सभी शिवसैनिक अब शिवसेना (शिंदे) पार्टी के नेतृत्व में कार्य करेंगे। इसी दौरान पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए, जिसमें प्रदेश महासचिव एचएन पालीवान और संजय नाग को बनाया गया। इसी प्रकार युवा सेना के प्रदेशाध्यक्ष सनी देशमुख, कामगार सेना के प्रदेश महासचिव संतोष मारकंडे और कामगार सेना प्रदेश उपाध्यक्ष बल्लू जांगड़े को बनाया गया। सभी पदाधिकारियों को भगवा गमछा पहनाकर सम्मानपूर्वक नियुक्ति दी गई।

# दूसरे राज्यों से युवतियों को बुलाकर देह व्यापार करने मजबूर करती थीं स्पॉ की संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के स्पॉ सेंटर की आड़ में देह व्यापार चलाने वाली संचालक के खिलाफ न्यू राजेंद्रनगर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने 26 मई को न्यू राजेंद्र नगर क्षेत्र में स्थित लक्जरी वेलनेस सेलून एंड स्पॉ सेंटर में औचक जांच की थी। इस दौरान स्पॉ सेंटर के अंदर रूम से कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की, जिसका इस्तेमाल देह व्यापार में किया जाता है। पुलिस ने इस सेंटर से तीन युवतियों को भी हिरासत में लिया था, वहीं उस समय संचालक वहां मौजूद नहीं थी। तीनों युवतियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि स्पॉ की संचालक पहले स्पॉ से संबंधित उनसे कार्य कराती थी, लेकिन बाद में दबाव डालकर देह व्यापार कराने लगी। पुलिस ने युवतियों के बयान के आधार पर संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि शहर में संचालित कई स्पॉ सेंटरों में दूसरे राज्यों की युवतियां काम कर रही हैं। कई स्पॉ सेंटर में इन युवतियों से मसाज की आड़ में उनसे देह व्यापार भी कराया जा रहा है। इधर पुलिस 80 से ज्यादा स्पॉ सेंटरों में जांच करने का दावा कर रही है, जिनमें से सिर्फ एक स्पॉ सेंटर में ही देह व्यापार का खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों की मानें, तो देह व्यापार का काम करने वाले स्पॉ सेंटरों का नेटवर्क काफी तगड़ा है। पुलिस की जांच शुरू होते ही शहरभर के स्पॉ सेंटरों को इसकी सूचना मिल गई थी, जिसके कारण पुलिस के पहुंचने से पहले ही उन सेंटरों में देह व्यापार से संबंधित आपत्तिजनक वस्तुओं समेत सारे सबूत हटा दिए गए।

हरिभूमि फॉलोअप

**80 से ज्यादा स्पॉ सेंटर्स पर पुलिस की दबिश, बाहर से आई युवतियों के दस्तावेज-आईडी की जांच भी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की पुलिस शहर में संचालित अलग-अलग इलाकों में संचालित 80

**छापे की सूचना पहले से लीक**

बताया जा रहा है कि छापे की

## न्यू राजेंद्र नगर पुलिस ने किया केस दर्ज

### 80 से ज्यादा स्पॉ सेंटरों की औचक जांच

राजधानी के कई स्पॉ सेंटरों में लगातार देह व्यापार चलने की शिकायतें पुलिस को मिल रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के निर्देश पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में रायपुर पुलिस ने शहर में संचालित 80 से ज्यादा स्पॉ सेंटरों में औचक जांच अभियान चलाया। इस जांच के दौरान न्यू राजेंद्रनगर क्षेत्र में लक्जरी वेलनेस सेलून एण्ड स्पॉ सेंटर से आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की गईं। इन वस्तुओं के साथ तीन युवतियों को भी हिरासत में लिया गया, जो देह व्यापार में लिप्त थीं। युवतियों में दो ओड़िशा की हैं, वहीं एक दूसरे जिले की है। इन युवतियों ने बताया कि स्पॉ की संचालक से संपर्क होने पर स्पॉ सेंटर में काम करने के लिए आई थीं, लेकिन यहां काम करने के बाद संचालक ने उनका माइंडवॉश कर उन्हें जबरन देह व्यापार करने के लिए मजबूर किया। युवतियों के बयान के आधार पर पुलिस ने संचालक के खिलाफ धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। इधर पुलिस जांच के बाद से स्पॉ की संचालक फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

# समाधान शिविर में 30 करोड़ के प्रस्ताव पर विधायकों की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- टाटीबंध के सामुदायिक भवन में समाधान शिविर

टाटीबंध के सामुदायिक भवन में मंगलवार को जोन 8 के 7 वार्डों के लिए सुशासन तिहार समाधान शिविर लगाया गया। इस मौके पर विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, निगम आयुक्त विश्वदीप सहित वार्ड पार्षद मौजूद रहे। समाधान शिविर में 30 करोड़ के प्रस्ताव पर विधायकों की अनुशंसा की गयी।

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने समाधान शिविर में अधिकारियों से कहा कि पश्चिम विधानसभा के 4 जोनों को मिली सभी समस्याओं का 2 माह में समाधान करें। ऐसा नहीं होने पर वे 4 दिन समीक्षा कर प्रत्येक आवेदन की स्वयं मानिटरिंग करेंगे। श्री मूणत ने कहा कि जोन अंतर्गत वार्डों के कार्य जोन स्तर पर ही होना चाहिए, न कि जनता को इधर-उधर भटकने की स्थिति रहनी चाहिए।

विधायक राजेश मूणत ने महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप को ध्यान देते हुए कहा कि उनके सुझाव पर शहर में वार्ड एक्शन प्लान बनाने की दिशा में कार्यवाही नगर निगम ने प्रारंभ कर दी है। प्रत्येक वार्ड का



भौगोलिक नक्शा होना चाहिए। प्रत्येक वार्ड में योजनाबद्ध विकास कार्य आम जनता के लिए करवाये जाएं।

महापौर मीनल चौबे ने कहा सुशासन तिहार के समाधान शिविर में प्राप्त आम जनता के सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत समाधान संबंधित विभागीय अधिकारियों को करना ही होगा। जनता और जन प्रतिनिधि पूरी तरह जागरूक हैं। महापौर ने कहा सभी जोनों के अधिकारियों को चाहिए कि वे पार्षदों से समन्वय रखकर प्रतिदिन जोन कार्यालय में बैठकर आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान नियमित रूप से करें।

शिविर में एमआईसी सदस्य गायत्री चंद्राकर, जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, पार्षद संदीप साहू, अमन सिंह ठाकुर, महेंद्र औसर, भगतराम हरवंश, पूर्व पार्षद ओंकार बैस, बीरेन्द्र देवांगन, अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### विधायक मोतीलाल साहू ने सुशासन तिहार को सराहा

रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने सुशासन तिहार 2025 के आयोजन के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सराहते हुए कहा कि इस आयोजन की सराहनीय पहल मुख्यमंत्री ने की है। तीन चरण में आवेदकों की समस्या का समाधान होना एक अच्छा कदम है। श्री साहू ने आम जनता से अपील की है कि वे स्वयं जागरूक रहें एवं शासन द्वारा लगाये जा रहे शिविर में अलग-अलग स्टाल में आकर योजनाओं की जानकारी लें। पात्रता अनुसार वे सहजता से शासन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

# पंडरी मुख्य मार्ग पर अवैध शेड को तोड़ा, समता कालोनी में सड़क पर भवन निर्माण सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- टीम प्रहरी ने अतिक्रमण हटाने चलाया अभियान

टीम प्रहरी नगर निवेश ने मंगलवार को पुलिस बल की मौजूदगी में शहर के मुख्य मार्ग और बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया। इस दौरान जीवन बीमा निगम पंडरी कार्यालय मुख्य मार्ग पर दो दर्जन अवैध ठेले हटाये गये। साथ ही दुकानों के सामने निर्मित 7 अवैध शेड को जेसीबी मशीन से तोड़कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया। समता कालोनी में महाराजा अग्रसेन कालेज के सामने मुख्य मार्ग पर कब्जा कर रखी गयी भवन निर्माण सामग्री जब्त कर 10 हजार रुपये सड़क बाधा शुल्क वसूला गया।

निगम आयुक्त विश्वदीप और जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर अपर आयुक्त पंकज शर्मा, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा के मार्गदर्शन में टीम प्रहरी ने नगर निगम क्षेत्र के सभी जोन के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जोन 2 की नगर निवेश विभाग की



टीम ने एलआईसी कार्यालय पंडरी के सामने मुख्य सडक मार्ग पर 25 अवैध ठेले सड़क से हटाये और दुकानों के सामने निर्मित 7 अवैध शेड को जेसीबी मशीन से तोड़ गिराया।

इसी तरह जोन 7 नगर निवेश विभाग ने समता कालोनी मुख्य मार्ग पर कब्जा जमाकर रखी गयी भवन निर्माण सामग्री को जप्त कर 10 हजार रुपये सड़क बाधा शुल्क वसूली करने की कार्रवाई की। जोन 3 नगर निवेश विभाग द्वारा क्षेत्र में संपत्ति विरूपण करने पर न्यू भारत स्वीट्स को नोटिस देते हुए 7 हजार रुपये का जुर्माना करने की कार्रवाई स्थल पर की गई।

### प्रदेश स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती कल

**रायपुर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा उपसमिति दुर्ग में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर प्रदेश स्तरीय जयंती का कार्यक्रम 29 मई गुरुवार को महाराणा प्रताप मंगल भवन शंकरनगर दुर्ग में आयोजित किया गया है। महासभा के प्रचार सचिव जितेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा शाम 4 बजे निकलेगी। प्रमुख आकर्षण 10 घोड़े, खुली जीप, धुमाल, गड़वा बाजा, डीजे, अखाड़ा झांकी, शानदार आतिशबाजी, राऊत नाचा के साथ शहर भ्रमण करते हुए निकाली जाएगी। प्रवेश द्वार पर शर्बत वितरित किया जाएगा।

## फेडरेशन के लेटरहेड पर कूटरचित फर्जी पत्र, एफआईआर की मांग

- पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया लिखित शिकायत पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा अपने आधिकारिक लेटरहेड पर कूटरचित फर्जी पत्र तैयार किए जाने के मामले में दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक रायपुर को लिखित शिकायत सौंपी गई है। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि फेडरेशन, राज्य निर्माण के बाद से ही शासकीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए शासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सतत रूप से सक्रिय है। हाल ही में फेडरेशन के संज्ञान में यह अत्यंत गंभीर मामला आया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रांतीय संयोजक के कूटरचित हस्ताक्षर के माध्यम से फेडरेशन के अधिकृत लेटरहेड का दुरुपयोग कर फर्जी पत्र तैयार कर उसे विभिन्न माध्यमों से प्रचारित किया गया है। इस आशय की लिखित सूचना पुलिस महानिदेशक को पहले ही दी जा चुकी है, जिसमें शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई थी। उन्होंने बताया कि अब तक दो फर्जी शिकायती पत्र फेडरेशन के संज्ञान में आए हैं, जो प्रधानमंत्री को संबोधित हैं। इन पत्रों के प्रेषण के लिए कूटरचित लिफाफों का उपयोग किया गया है।

# शराब दुकान में तोड़फोड़ मामला, पुराना हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- निकला पुराना हिस्ट्रीशीटर, तीन की तलाश जारी

राजधानी रायपुर के जयस्तंभ चौक के पास स्थित शासकीय शराब दुकान के सेल्समैन से मारपीट कर दुकान में तोड़फोड़ करने वाले चार में एक हिस्ट्रीशीटर निकला, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके अन्य तीनों साथी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

गोलबाजार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 मई को रात के समय पुराना बसस्टैंड के पास स्थित शासकीय शराब दुकान में अरशद, भीष्मा, कार्तिक और कुणाल नामक चार युवक पहुंचे और बगैर पैसे के शराब मांगने लगे। उस समय दुकान में सेल्समैन सुनील साहू था। उसने जब बिना पैसे दिए शराब देने से मना कर दिया, तो इस पर आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज और धमकी देते हुए हाथ-मुक्का और बेल्ट से मारपीट की। इसके बाद भी वे शांत नहीं हुए और पत्थर से मारकर दुकान में रखी शराब की छोटी-बड़ी दर्जनभर बोतलों को तोड़कर फरार हो गए।



इधर घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी करते हुए भीष्मा सागर 25 वर्ष निवासी राजीव आवास गोलबाजार को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जांच में पता चला कि भीष्मा गोलबाजार क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। उसके खिलाफ बलवा, मारपीट, अवैध वसूली समेत आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने शराब दुकान में तोड़फोड़ और सेल्समैन के साथ मारपीट करने के अपराध में सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 351(2), 115(2), 119(1), 324(4),(5), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## चैंबर के इतिहास में पहली बार बिलासपुर से कार्यकारी अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी ने अपनी कार्यकारिणी के विस्तार में एक नयी पहल की है। चैंबर के इतिहास में यह पहला मौका है जब बिलासपुर से कमल सोनी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।



चैंबर के 50 साल के इतिहास में पहली बार लीक से हटकर बिलासपुर के हिस्से कार्यकारी अध्यक्ष का पद मिला है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसियेशन के अध्यक्ष कमल सोनी संगठन, संविधान संशोधन समन्वय की जिम्मेदारी के साथ कार्यकारी अध्यक्ष बनाये गये हैं। कार्यकारिणी में मालवीय रोड व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश वासवानी को कार्यकारी अध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी सौंपी गयी है। थौरानी की कार्यकारिणी में श्रीचंद सुंदरानी संरक्षक और सात कार्यकारी अध्यक्ष बनाये गये हैं। विदित हो कि छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव में सतीश थौरानी निर्विरोध अध्यक्ष, निकेश बरड़िया कोषाध्यक्ष और अजय भसीन महामंत्री चुने गये।


**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता जोगीराज, रजवंतीन उर्फ नीरा जानकी, मानकी, मानकुंवर पिता-स्व. पंचम साहू, देवकी बाई, बेवा फिरंता, बालगोपाल, लेखराम, अनुप, गीता, तजीता, खेमलता पिता स्व. फिरंता निवासी-ग्राम टेमरी / फुंडहर, रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) वालो के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा नं. 225/7 रकबा 0.0050 हेक्टेयर, 225/22 रकबा 0.0260 हेक्टेयर, 412/17 रकबा 0.0970 हेक्टेयर, 412/19 रकबा 0.0570 हेक्टेयर एवं 412/21 रकबा 0.0530 हेक्टेयर भूमि इस प्रकार कुल खसरा 05 एवं कुल रकबा 0.2380 हेक्टेयर भूमि, जो कि वाके मौजा ग्राम-टेमरी, प.ह.नं.-78, रा.नि.मं.- रायपुर-एक, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में धारित की जाती है। यह कि उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का सौदा तय कर लीया गया है व विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर, (छ.ग.)
दिनांक 27/05/2025

(करन कुकरेजा)
अधिवक्ता
गली नं.-3, श्रीमान श्रीमती, तेलीबांधा, रविग्राम, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9109236413

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5273 दिनांक 20.09.2024 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई. डब्ल्यू.एस. फ्लैट-16/ 201 को श्रीमती ममता साहू पति स्व. श्री मनमोहन साहू के नाम पर नामान्तरण किया गया है। भवन का उप पंजीयन कार्यालय से दिनांक 07.02.2020 को विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में श्रीमती ममता साहू पति स्व.श्री मनमोहन साहू, निवासीः - मकान नं. 38, ग्राम - रजकट्ठी, तहसील- राजिम, जिला-गरियाबंध (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री रोशन वैष्णव पिता श्री जगदीश वैष्णव निवासीः- झिर्वान, मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ. सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - ई.डब्ल्यू. एस. फ्लैट-16/201 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

**शपथपत्र**

मैं ललित कुमार पाण्डेय LALIT KUMAR PANDEY उम्र 41 वर्ष पिता श्री शिवज्ञानी पाण्डेय निवासी शिवानंद नगर सेक्टर 3, सांई मंदिर के पास, शिवानंद नगर, रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं-

1. यह कि मेरा नाम वल्दियत व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड तथा पेन कार्ड मे मेरा नाम उपरोक्तानुसार ललित कुमार पाण्डेय LALIT KUMAR PANDEY अंकित है।
3. यह कि मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम ललित कुमार पाण्डेय की स्पेलिंग त्रुटिवश LALIT KUMAR PANDAY अंकित है।
4. यह कि LALIT KUMAR PANDEY एवं LALIT KUMAR PANDAY दोनो ही स्पेलिंग एक ही व्यक्ति के अर्थात मुझ शपथकर्ता के है।
5. यह कि किसी प्रकार के असत्य कथन की समस्त जवाबदारी मुझ शपथकर्ता की होगी।
6. यह कि उक्त कथनो की सत्यता मे यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

सत्यापन - शपथपत्र की कंडिका 01 से 07 सत्य एवं सही है।
रायपुर छ.ग.
दिनांक 27/05/2025

शपथकर्ता

**आम सूचना**

ग्राम फाफाडीह, रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि के संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने विक्रेता सूर्य प्रकाश राठी आत्मज श्री कन्हैया लाल राठी निवासी चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम- फाफाडीह, प.ह.नं.- 48, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में नगर निगम सीमा में स्थित परिवर्तित भूमि ब्लॉक/शीट नंबर 13 भूखण्ड क्रमांक 45/2 रकबा 1520 वर्गफुट को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है तथा जिसका पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय-अर्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर, दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.) दिनांक : 27/05/2025

हरनामदास सुदंरानी, कौशलेन्द्र तिवारी, अनंत तिवारी अधिवक्तागण,
लिबर्टी फोटो कापी सेंटर, कचहरी चौक, रायपुर (छ.ग.)
मो.- 98261 81154

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।



योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
9827555678
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

# छोटे निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्ष भी कुर्सी संभालने के बाद एक्शन में, नवाचार पर बड़ा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश सरकार ने कई बड़े के साथ छोटे निगम, मंडल और आयोगों में नियुक्ति की है। करीब दो माह पहले हुई नियुक्तियों के बाद वैसे तो अब तक पदभार ग्रहण का सिलसिला चल रहा है। करीब एक दर्जन का पदभार अब भी बचा है, लेकिन जिन अध्यक्षों ने भी कुर्सी संभाल ली है, उनमें बड़े निगम, मंडलों के साथ छोटे के भी अध्यक्ष एक्शन मोड में आ गए हैं। लगातार बैठकों के दौर के साथ प्रदेशभर में दौरा भी हो रहा है और नवाचार पर काम करने की योजनाएं भी तैयार हो रही हैं। नए अध्यक्ष कुछ नया करने की मंशा के साथ काम कर रहे हैं।

### अकादमिक गतिविधियों पर फोकस

साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा का कहना है, सिर्फ आयोजनों तक ही सीमित नहीं रहना है, अकादमिक गतिविधियों के साथ फेलोशिप पर भी काम करेंगे। साहित्य संग्रहालय की भी योजना तैयार कर रहे हैं। साहित्यकारों पर डाक्यूमेंट्री भी बनाएंगे। स्कूल और कॉलेजों में साहित्यिक गतिविधियों को भी बढ़ाना है। आयोजन करने का सिलसिला तो प्रारंभ हो गया है।

## बड़े निगम, मंडल के अध्यक्ष भी लगातार कर रहे काम

### शिल्पकारों को बाजार उपलब्ध कराने की योजना

छोटे निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड के नए अध्यक्षों की नई सोच भी सामने आ रही है। ये नवाचार पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं। लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया, उन्होंने पदभार संभालने के बाद सबसे पहले बस्तर का दौरा किया और कोंडागांव में राष्ट्रीय और राज्य स्तर के शिल्पकारों से मिले और उनसे चर्चा करके उनकी समस्याओं को भी जाना। अब प्रदेश सरकार को अलग-अलग नई योजनाओं के लिए चार करोड़ का बजट बनाकर दिया है। बजट मिलने पर इस पर काम प्रारंभ किया जाएगा। सबसे अहम शिल्पकारों को बाजार उपलब्ध कराने की बड़ी योजना है। शिल्पकारों की यह सबसे बड़ी समस्या है कि उनको बाजार उपलब्ध न होने के कारण उनके बनाए शिल्प की जहां कदर नहीं होती है, वहीं दाम भी नहीं मिल पाते हैं।

### चार सदस्यों की नियुक्ति के बाद प्रारंभ होगी सुनवाई

राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा का कहना है, अभी तो आयोग में चार और सदस्यों की नियुक्ति बाकी है। इसके बाद आयोग में सुनवाई का दौर प्रारंभ होगा। अभी यह देख रहे हैं कि पुराने कितने मामले सुनवाई के लिए बचे हैं। लेकिन इसके पहले जिलों का दौरा प्रारंभ कर रहे हैं। जिला कल्याण समितियों का गठन भी करना है।

प्रदेश सरकार ने करीब सवा साल बाद 2 अप्रैल को 34 निगम, मंडल और आयोगों में 36 भाजपा नेताओं को पद दिए। इनमें से आधा दर्जन में पेंच होने के कारण तीन अध्यक्षों के साथ एक उपाध्यक्ष को नए विभाग दिए गए हैं। जिन बड़े निगम, मंडल जैसे रायपुर विकास प्राधिकरण, क्रेडा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, नागरिक आपूर्ति निगम में अध्यक्ष बनाए गए हैं, ये तो लगातार काम कर रहे और बैठकों लेने के बाद फैसले भी कर रहे हैं, लेकिन इसी के साथ छोटे निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड के अध्यक्ष भी लगातार बैठकें करके एक्शन में आ गए हैं। ये नई योजनाएं बनाकर अपने विभाग का नाम करने की तैयारी में हैं।

## खबर संक्षेप

### मेडिकल भत्ते की मांग, सड़क पर कृषि विवि के कर्मचारी


**रायपुर।** कृषि विवि में विरोध-प्रदर्शन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के बाद अब मंगलवार को विवि के तकनीकी कर्मचारी भी विरोध-प्रदर्शन पर उतर आए। कर्मचारियों ने विवि प्रशासन पर भेदभावपूर्ण नीतियों का आरोप लगाया है। कर्मचारियों का कहना है कि उनके संवैधानिक अधिकारों का निरंतर हनन किया जा रहा है। सेवा शर्तों का उल्लंघन एवं संस्थागत भेदभाव का भी आरोप कर्मचारियों ने लगाया है। पूर्व में प्रेषित विभिन्न मांगों को लेकर तकनीकी कर्मचारी संघ द्वारा मंगलवार को विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया गया।

### महाराष्ट्र मंडल में वीर सावरकर जयंती आज

**रायपुर।** स्वातंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की 142वीं जयंती पर 28 मई को शाम 5.30 बजे महाराष्ट्र मंडल में विविध कार्यक्रमों के साथ मनाई जाएगी। साहित्य समिति की प्रभारी कुमुद लाड ने बताया कि कार्यक्रम में दो विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित वीर सावरकर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही दोनों वर्ग के विजेता के निबंधों का वचन भी किया जाएगा। युवा समिति के समन्वयक विनोद राखुंडे के अनुसार इस मौके पर 'वर्तमान पीढ़ी को स्वातंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर के व्यक्तित्व से सीखने योग्य बातें' विषय पर विशेषज्ञों के विचार सुनने को मिलेंगे।

## निधन

### संतोषी शर्मा



**रायपुर।** ग्राम अमेरी (टेकारी) निवासी संतोषी शर्मा (43) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 मई को पूर्वाह्न 11 बजे अमेरी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वह पं. दीपक शर्मा की पत्नी, निखिल और कुणाल की माता तथा अमेरी के सरपंच सूरज शर्मा की मामी थीं।

*कांग्रेस का आरोप- जनता से हो रही अवैध वसूली*

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को लेकर आरटीओ दफ्तर का घेराव

## चालानी कार्रवाई पूरे वाहनों में नंबर प्लेट लगाने के बाद की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने में आ रही समस्या को लेकर मंगलवार को कांग्रेस ने आरटीओ कार्यालय का घेराव किया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय और कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की समय सीमा बढ़ाने और अभी चालानी कार्रवाई नहीं करने की मांग की है। मांगें पूरी नहीं होने पर सीएम हाउस का घेराव करने की चेतावनी दी है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि नंबर प्लेट लगाने में ही लंबा समय लग रहा है, इस बीच लोगों पर चलानी कार्रवाई भी की जा रही है, जो जनता के साथ अन्याय है। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की सरकार में लगातार आम जनमानस को परेशान करने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के साथ खड़ी है। उन्होंने नए नंबर प्लेट लगाने के पीछे बड़े घोटाले की आशंका जताई है। उन्होंने नंबर प्लेट लगाने के लिए अतिरिक्त पैसे वसूलने की भी बात कही है। अपॉइंटमेंट मिलने के बाद भी नंबर प्लेट लगाने कई घंटे इंतजार कराया जाता है, फिर गलत नंबर का स्टीकर भी लगा दिया जाता है, इसके कारण कई बार चालान पटाना पड़ा है। कांग्रेस ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की समय सीमा बढ़ाने के साथ ही नंबर प्लेट जिनके नहीं लग पाए हैं, उन पर चालान की कार्रवाई न करने की मांग की है। मांगें पूरी नहीं होने पर सीएम हाउस का घेराव करने की चेतावनी दी है।



### ये थे शामिल

प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा, बीरगांव महापौर नंदलाल देवांगन, सभापति कृपाराम निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष योगेन्द्र सोलंकी, मो. सिद्धिक, बैसाखू सागर, पार्षद मो. रियाज, आशीष दुबे, चांद अहमद, चंदन पाल, रूकुमलाल वर्मा, कमलाकांत शुक्ला, मोहम्मद रियाज, सोमेन चटर्जी, मनोज सोनकर, दिलीप गुप्ता, मोहम्मद सिद्दीक, सुरेश बाफना, राजेंद्र जैन समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

### रायपुर में सिर्फ 10 प्रतिशत ही नंबर प्लेट लगे- पंकज

कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने बताया कि प्रदेश में लगभग 40 लाख वाहनों के नंबर प्लेट बदला जाना है, जिसमें सिर्फ रायपुर जिले में ही 10 लाख नंबर प्लेट लगाये गए हैं। वर्तमान में 10 प्रतिशत काम ही पूरे किए गए हैं, बाकी वाहन मालिकों पर चालान की कार्रवाई धड़ल्ले से शुरू कर दी गई है। नंबर प्लेट लगाने वाले केंद्रों में कव्हर, ब्रेकेट की बिक्री पूरी तरह बंद की जाए। नंबर प्लेट लगाने के लिए दी गई तिथि पर नंबर प्लेट उपलब्ध कराया जाए। ट्रैफिक पुलिस द्वारा की जाने वाली चालानी कार्यवाही पर भी रोक लगाई जाए। जब तक लगभग सभी वाहनों में नंबर प्लेट लग नहीं जाते।

*अजीत जोगी की प्रतिमा हटाए जाने पर साय ने कहा*

# रेणु जोगी से हुई मुलाकात प्रशासन की रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- प्रतिमा उसी स्थान पर फिर से लगाएं, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी की प्रतिमा को लेकर विवाद लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। अब इस मुद्दे पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने दो टूक कहा, या तो मेरी अर्थी उठेगी या अजीत जोगी की प्रतिमा फिर से उसी स्थान पर स्थापित होगी। मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, डॉ. रेणु जोगी ने कल मुझसे मुलाक़ात की थी। जो मामला सामने आया है, उसकी जानकारी प्रशासन से मंगाई गई है। जानकारी के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

अमित जोगी के मुताबिक जहां से प्रतिमा हटाई गई, वह निजी जमीन है और वहां नगर पालिका या राज्य शासन का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कार्य किसी के इशारे पर किया गया है। उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा, मूर्ति जिस तरह रातों-रात चोरी हुई, उसी तरह वापस उसी जगह पर मूर्ति लगनी चाहिए। मैंने डिप्टी सीएम से बात की है और उन्होंने आश्वासन दिया है कि जो भी अप्रिय घटनाएं हुई हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### सुशासन के दावों की खुली पोल

इधर जोगी निवास सिविल लाइन में संवाददाताओं से चर्चा में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़, जे के संगठन मंत्री सौरभ झा व मुख्य प्रवक्ता भगवानू नायक ने कहा, छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की प्रतिमा को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के ज्योतिपुर चौक से रात के अंधेरे में चोरी-छिपे उखाड़कर कचरे में फेंकने की घृणित और निंदनीय घटना ने छत्तीसगढ़ की पौने तीन करोड़ जनता की भावनाओं को आहत किया है। इस घटना ने राज्य सरकार के सुशासन के दावों की पोल खोल दी है और साबित करता है कि प्रशासनिक तंत्र निष्क्रिय होकर केवल दिखावटी कार्रवाईयों तक सीमित है।

## बिजनेस साइट

### न्यू भारत स्वीट्स में अमृतसरी छोले कुलचे और मटर कुलचे लोगों की पहली पसंद



**रायपुर।** शंकर नगर बीटीआई ग्राउंड के पास स्थित न्यू भारत स्वीट्स में इस बारिश के मौसम में अमृतसरी छोले कुलचे और मटर कुलचे लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। साथ ही आलू टिक्की, सोया चाप, पनीर टिक्का, पाव भाजी और साउथ इंडियन व्यंजन को भी लोग काफी पसंद कर रहे हैं। मिठाइयों के शौकीनों के लिए भी इस प्रतिष्ठान में डोडा बर्फी, मोतीचूर लड्डू, स्पेशल पेठा, रसगुल्ला, रसमलाई, पेड़ा, चमचम, सोनपापड़ी, काजू कतली और कई पारंपरिक मिठाइयों की भी भरपूर रेंज उपलब्ध है। इसके अलावा मैंगो कप, मैंगो रसमलाई और मैंगो लस्सी इस मौसम में लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। शॉप के संचालक रोहिताश राणा ने बताया कि न्यू भारत स्वीट्स में शुद्धता और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। हमारी सभी मिठाइयां शुद्ध देशी घी में तैयार की जाती हैं, जिससे उनका स्वाद और भी लाजवाब हो जाता है। कोलकाता, उत्तरप्रदेश और राजस्थान के अनुभवी कारीगरों द्वारा तैयार की गई पारंपरिक और प्रमाणिक मिठाइयों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। ग्राहकों की सुविधा के लिए बैठने की व्यवस्था की गई है। साथ ही पार्किंग की भी व्यवस्था है।

### एनटीपीसी नवा रायपुर में रक्तदान शिविर, 108 ने किया डोनेट



**रायपुर।** एनटीपीसी नवा रायपुर में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 108 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का आयोजन अर्पिता महिला समिति की पहल पर एनटीपीसी नवा रायपुर और श्री नारायणा हेल्थ एमएमआई रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर की शुरुआत एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पीके मिश्रा ने की। उन्होंने अर्पिता महिला समिति के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान शिविर न केवल जीवन बचाने का एक माध्यम है, बल्कि यह समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक सशक्त माध्यम है।

### 'स्मार्ट जल, सशक्त गांव' कार्यक्रम से ग्रामीणों को मिला जल सुरक्षा का



- मैट्स विश्वविद्यालय और ग्रीन आर्मी की अनूठी पहल

**रायपुर।** मैट्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (एमएसईआईटी), मैट्स विश्वविद्यालय द्वारा ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ के सहयोग से 'स्मार्ट जल, सशक्त गांव' विषय पर अमेठी ग्राम, आरंग में एक प्रेरणादायक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों को जल सुरक्षा के प्रति जागरूक कर सशक्त बनाना रहा। मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया ने अपनाए गए गांवों के लिए भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी, वहीं कुलपति डॉ. केपी यादव ने जल प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। कुलसचिव गोकुलानंद पांडा ने जल संरक्षण को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया।

### समर स्पेशल बाजार में पिलखुवा बेडशीट और स्वदेशी वस्त्रों की धूम



**रायपुर।** राजधानी के गॉस मेमोरियल मैदान में स्वदेशी शिल्प महोत्सव का आयोजन किया गया है, जहां गर्मी और उमस से परेशान शहरवासियों को राहत देने के लिए खास समर स्पेशल बाजार सजाया गया है। इस बाजार में पिलखुवा की सूती बेडशीट खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। रंगबिरंगी आकर्षक डिजाइनों वाली ये बेडशीट न केवल गर्मी में सुकून देती हैं, बल्कि सस्ती और टिकाऊ भी है। आयोजनकर्ता अनुराग मिश्रा ने बताया कि महोत्सव में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए बुनकरों ने अपने विशेष उत्पादों के साथ भाग लिया है। लखनऊ की चिकनकारी कुर्तियां, मेरठ के खादी वस्त्र, असम और पश्मीना सिल्क साड़ियां, हैदराबादी और त्रिचुर की कॉटन साड़ियां, जयपुरी चूड़ियां और खादी कपड़े, सहारनपुर का फर्नीचर, खुर्जा की क्रॉकरी और भदोही के कार्पेट समेत यहां हर वस्तु अपनी खासियत और गुणवत्ता के लिए पहचानी जा रही है।

## पेज 11 के शेष

### रायपुर में दो सेमी...

इलाके में बारिश हो रही है। मंगलवार को रायपुर समेत बस्तर और उत्तरी इलाके में जोरों की वर्षा हुई जिससे सुबह की उमस भरी गर्मी से राहत मिली। संभवत इस बार प्रदेश के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा जब दक्षिण-पश्चिम मानसून का आगमन अपनी सामान्य तिथि 13 जून से 12-15 दिन पहले हो जाएगा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ ऐसी मौसम तंत्रिकाएं सक्रिय हो चुकी है जो मानसून को समय से पहले प्रदेश में सक्रिय कर सकता है। मानसून को आगे बढ़ाने के लिये उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बनता है जिसे मानसून द्रोणिका कहा जाता है। यह सिस्टम तैयार हो चुका है और इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है जो दक्षिण दिशा की ओर ऊंचाई के साथ झुका हुआ है। इसके उत्तर पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होने की संभावना है। इससे मानसून के आगे बढ़ते हुए अगले दो-तीन दिनों में छत्तीसगढ़ सीमा में प्रवेश किए जाने की संभावना है।

### इंतजार करता रहा...

महाविद्यालय पिछली बार नैक ने सी ग्रेड दिया था। इस बार महाविद्यालय इसमें वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। अगले माह महाविद्यालय को नया ग्रेड मिलने की संभावना है।

### राज्य सूचना आयुक्त पद...

सरकार ने दोनों पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे, लेकिन नियुक्ति नहीं हो पाई थी। अब मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए इंटरव्यू हो चुका है, जबकि राज्य सूचना आयुक्त के लिए 28 मई को इंटरव्यू होना है। इस संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों पदों पर जल्द नियुक्ति का आदेश जारी होगा।

### दोनों पदों के लिए...

अलंग, त्रिलोकचंद महावर और उमेश कुमार अग्रवाल के नाम शामिल हैं। कुछ दावेदारों ने दोनों पदों के लिए आवेदन किए हैं।

### गांव वालों के विरोध...

यहां एक उम्रदराज तेंदुआ की मौत हो गई थी। इसके बाद यह बातें सामने आने लगी थीं कि 40 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के होने के बाद भी यहां जानवरों का देखभाल अच्छे से नहीं की जाती। विवाद के बाद जानवरों को जंगल सफारी शिफ्ट किये जाने पर सहमति बनी थी। सोमवार को विभागीय स्तर पर इसकी तैयारी थी, मगर आसपास के ग्रामीणों ने इसका विरोध कर दिया। उनका तर्क था कि सारे जानवरों को जंगल सफारी ले जाने से यहां कोई भी पर्यटक नहीं आएगा और पचास साल पहले बना नंदनवन वीरान हो जाएगा। काफी समझाने के बाद ग्रामीण हट गए, मगर मंगलवार को शिफ्टिंग के दौरान फिर समस्या आन खड़ी हुई। ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि नंदनवन में मौजूद हिरणों को शिफ्ट नहीं किया जाएगा।

### पुलिस ने तस्करों...

इंतजार कर रहे थे, लेकिन इससे पहले ही वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि इस कार्रवाई में खरीदार का पता नहीं चल पाया है। विभाग उसके बारे में तस्करों से पूछताछ कर रही है। वन विभाग रायपुर को मुखबिर से सूचना मिली कि अपरान्ह करीब 3 से 4 बजे के दौरान बोलेरो वाहन से कुछ लोग जानवरों की खाल और अवशेषों को बेचने के लिए कसडोल से रायपुर स्थित विधानसभा रोड पर ज्ञान गंगा स्कूल के पास आने वाले हैं। इस सूचना पर एसडीओ व राज्य स्तरीय उड़न दस्ता प्रभारी संदीप सिंह और वन मंडल रायपुर उड़नदस्ता प्रभारी रेंजर दीपक तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने तस्करों को पकड़ने के लिए दो घंटे पहले से ही मौके पर जाल बिछाया। अपरान्ह करीब 3.45 बजे एक बोलेरो वाहन मौके पर पहुंचा, जिस पर तीन लोग सवार थे। टीम ने थोड़ी देर इंतजार करने के बाद घेराबंदी कर बोलेरो वाहन को पकड़कर उसकी तलाशी ली, जिसमें से चीतल की खाल और हिरण के 5 सींग बरामद किए। पूछताछ में आरोपियों में एक की पहचान आनंद श्रीवास्तव निवासी पेंशनबाड़ा के रूप में की गई, वहीं अन्य दो तुलाराम और भागीरथी पीपरछेड़ी कसडोल के निवासी हैं। आरोपियों में एक पुराना तस्कर, कसडोल में मामला दर्ज जानवरों की खाल और सींग के साथ पकड़े गए आरोपियों में रायपुर निवासी आनंद श्रीवास्तव पुराना तस्कर है। उसके खिलाफ पहले भी कसडोल क्षेत्र के थानों में जानवरों के खाल व अवशेष तस्करी के प्रकरण दर्ज हैं। संभावना जताई जा रही है कि आनंद ने ही खाल और सींग का रायपुर में किसी व्यक्ति से सौदा किया है।

**माहभर में दूसरी कार्रवाईः** वन विभाग की टीम की माहभर में यह दूसरी कार्रवाई है, जिसमें जानवरों के अवशेषों के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले 29 अप्रैल को मोवा इलाके में हिरण के सींग और अवशेषों के साथ 2 आरोपी यासिर खान और फराज खान को गिरफ्तार किया गया था।

### जानवरों का शिकार कर...

रुपए में किए जाने की आंशका है। हालांकि आरोपियों ने सौदा किस खरीदार से किया है, इस बारे में आरोपी कुछ भी बता नहीं रहे हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से मोबाइल बरामद किए हैं, जिसके कॉल डिटेल से पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि सौदा करने वाला कौन है।

### भालू ने नोची थी...

के चारामा में रहने वाला वृद्ध जंगल गया था, जहां भालू ने उस पर हमला कर दिया था। बताया जाता है, साथियों के चीखने-चिल्लाने पर भालू भाग गया और वृद्ध की जान तो बच गई, मगर उसके चेहरे पर गंभीर जख्म आए थे। भालू ने वृद्ध की नाक बुरी तरह काट खाई थी। वहां के प्राथमिक उपचार के बाद गांव वाले उसे लेकर राजधानी के निजी अस्पताल पहुंचे थे, जहां घाव को देखते हुए डाक्टरों ने ऑपरेशन करने से इनकार कर दिया था। जनप्रतिनिधियों की सलाह पर मरीज को डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल लाया गया। कास्मेटिक एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डाक्टरों ने जांच के बाद इलाज की सहमति दी और इलाज की लंबी प्रक्रिया के बाद उसके जख्मों को भर दिया। उपचार प्रक्रिया के तहत ऑपरेशन के दौरान मरीज की कान की हड्डी और माथे की त्वचा का उपयोग कर उसकी नाक वापस बना दी। मरीज का इलाज आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत पूरी तरह निशुल्क हुआ। निजी अस्पताल में इसके लिए तीन से चार लाख रुपये खर्च होना अनुमानित था। ऑपरेशन के लिए डाक्टरों ने माथे और कान की उप अस्थि के अलावा भालू के हमले से बने घाव के निशान की त्वचा का भी उपयोग किया था। काफी दिनों मरीज को डाक्टरों की निगरानी में रखा गया इस दौरान उसके मन में उठे निराशा के भाव को दूर करने के लिए काउंसिलिंग दी गई। उसके पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

**समय पर इलाज से अंगों को बचाना संभवः** अस्पताल अधीक्षक डॉ. शिप्रा शर्मा एवं उपअधीक्षक डा. हेमंत शर्मा ने बताया कि किसी भी तरह के हादसे में समय पर इलाज शुरू होने से कटे अंगों को बचाया जा सकता है। हास्पिटल में कास्मेटिक एवं प्लास्टिक सर्जरी के माध्यम से ऐसे मरीजों का सफलता पूर्वक उपचार किया जा रहा है।

### दिल्ली विवि की तर्ज...

एडमिशन लेना चाहते हैं, उन्हें विवि द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में शामिल होगा। अब तक विवि अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रमों में ही प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिले दिए जाते रहे हैं। महाविद्यालयों मे प्रवेश मेरिट आधार पर ही होता रहा है। यह पहला मौका होगा, जब महाविद्यालय में संचालित किसी पाठ्यक्रम के लिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा दिलानी होगी। कॉलेजों को भी इस संदर्भ में सूचित कर दिया गया है।

# हस्तनिर्मित कलाकृतियों के जरिए छग की जीवनशैली बताएगी एबीवीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी बैठक

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक के अंतर्गत तैयार सांस्कृतिक प्रदर्शनी मंडप का उद्घाटन मंगलवाल को हुआ। इस प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और जनजातीय जीवनशैली को प्रतिबिंबित किया गया है। हस्तनिर्मित कलाकृतियां, ढोकरा कला की मूर्तियां, स्थानीय वाद्ययंत्र, मां सरस्वती की प्रतिमा व एक भव्य चित्र स्थली इसमें शामिल है। यह प्रदर्शनी नौ विषयों पर आधारित है, जिनमें भगवान राम के ननिहाल से लेकर पंडवानी, रामनामी परंपरा और छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा का इतिहास सम्मिलित हैं। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

### विद्यार्थी जान रहे बिरसा मुंडा का योगदान

प्रदर्शनी के अन्य खंडों में विद्यार्थी परिषद की छह माह की प्रमुख गतिविधियों जैसे राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद, जनजातीय छात्र संसद, पूर्वोत्तर युवा छात्र संसद और छात्रा संसद को दर्शाया गया है। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों की यात्रा को भी विशेष स्थान मिला है। 2025 में रानी अबक्का की 500वीं जयंती और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके योगदान को भी प्रेरणादायक रूप में प्रदर्शनी का हिस्सा बनाया गया है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, ऐसी प्रदर्शनी न केवल संस्कृति के संरक्षण का माध्यम होती हैं बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य भी करती है।



हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 28 मई 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



श्रद्धालुओं ने शनि देव को चढ़ाया तेल...

एजुकेशन अलर्ट

## संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2024 और 2025 के लिए आवेदन शुरू

संगीत नाटक अकादेमी Sangeet Natak Akademi
NATIONAL ACADEMY OF MUSIC, DANCE AND DRAMA

**रायपुर।** संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली द्वारा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2024 और 2025 के लिए प्रदर्शनकारी कला क्षेत्रों के उत्कृष्ट युवा कलाकारों से 7 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संगीत, नृत्य, रंगमंच, पारम्परिक-लोक-आदिवासी संगीत, नृत्य, रंगमंच तथा पपेटरी-मूक अभिनय तथा पारम्परिक संश्रित कलाएं जैसे वाद्ययंत्र निर्माण तथा मुखौटा निर्माण के कलाकार आवेदन कर सकते हैं। ऐसे कलाकारों से जिनकी आयु 1 अप्रैल 2025 को न्यूनतम 40 वर्ष या अधिक हो, आवेदन संक्षिप्त बायो-डेटा, जन्म प्रमाण-पत्र की छायाप्रति, यथोचित फोटोग्राफ, उपलब्धियों के संबंध में अखबारों में प्रकाशित आलेखों की कतरनों की छायाप्रतियां जमा करना आवश्यक है। पुरस्कार के लिए कलाकार संगीत नाटक अकादमी की वेबसाइट https://www.sangeet-natak.gov.in/award-honours/nomination के माध्यम से संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली की वेबसाइट https://sangeetnatak.gov.in/ से 14 जुलाई तक सीधे नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

### उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार

संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली द्वारा उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार 2024 और 2025 के लिए प्रदर्शनकारी कला क्षेत्रों के उत्कृष्ट युवा कलाकारों से 7 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संगीत, नृत्य, रंगमंच, पारम्परिक-लोक-आदिवासी संगीत, नृत्य, रंगमंच तथा पपेटरी-मूक अभिनय तथा पारम्परिक संश्रित कलाएं जैसे वाद्ययंत्र निर्माण तथा मुखौटा निर्माण के कलाकार आवेदन कर सकते हैं। ऐसे कलाकारों से जिनकी आयु 1 अप्रैल 2025 को न्यूनतम 40 वर्ष या अधिक हो।

समर कैंप

## जंगल सफारी में समर कैंप का समापन बच्चों ने सीखा पर्यावरण संरक्षण का पाठ



**रायपुर।** घने जंगलों की हरियाली, चहचहाते पक्षी, रंगबिरंगी तितलियां और बच्चों की उत्साही मुस्कान... कुछ ऐसा ही नजारा था। नंदन वन जंगल सफारी में तृतीय समर कैंप-2025 का समापन 25 मई को हर्षोल्लास के साथ हुआ। बच्चों ने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का पाठ सीखा और प्रकृति से अपने में आत्मसात किया। 19 से 25 मई तक चले इस सात दिवसीय समर कैंप में 25 चयनित विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जहां उन्होंने न केवल प्रकृति को नजदीक से जाना, बल्कि उसके साथ गहरा संवाद भी स्थापित किया। शिविर के समापन अवसर पर नंदन वन जंगल सफारी के संचालक थेजस शेखर और सहायक संचालक वायके डहरिया ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### रचनात्मक गतिविधियों के साथ जोड़ा गया

शिविर में बच्चों ने सीखा कि पेड़-पौधों की पहचान करना एक कला है। पक्षियों की गतिविधियों को वैज्ञानिक रूप से समझना, उन्हें वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, तथा जैवविविधता के महत्व को सहज और रोचक तरीकों से बताया गया। शिक्षण को खेल, भ्रमण और रचनात्मक गतिविधियों के साथ इस तरह जोड़ा गया कि बच्चे स्वयं को 'प्रकृति के रक्षक' समझने लगे। इस वर्ष समर कैंप की थीम 'प्रकृति से जोड़ो, पर्यावरण बचाओ' रही, जिसका उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक स्थायी चेतना जगाना था, ताकि वे अपने आसपास की हरियाली और स्वच्छता को संजोकर रखें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करें।

## समर कैंप में बच्चे सीख रहे टेनिस, तराश रहे अपना हुनर



**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने 21 अप्रैल से टेनिस के प्रशिक्षण के लिए समर कैंप की शुरुआत की है। बहुत कम समय में 250 से अधिक खिलाड़ी अपना पंजीयन कराकर प्रशिक्षण का लाभ उठा रहे हैं। वर्तमान में चार सुव्यवस्थित प्रशिक्षण स्लॉट्स में हर दिन 100 से अधिक बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप का उद्देश्य बच्चों में टेनिस खेल के प्रति जुनून जगाना और उन्हें एक पेशेवर खिलाड़ी के रूप में कौशल विकसित करने में मदद करना है। कैंप में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी एवं उच्चस्तर के टेनिस कोच के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। सुबह और शाम दोनों समय कैंप को व्यस्त गर्मियों के कार्यक्रमों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। प्रत्येक सत्र में उच्च गुणवत्ता वाले टेनिस उपकरण रैकेट, बॉल, कोन और मार्कर उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके अलावा प्रत्येक सत्र के दौरान एक समर्पित महिला फिजियोथेरेपिस्ट भी मौजूद रहती हैं, ताकि सुरक्षा और चोट से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।

मई से ही प्रवासी पक्षियों का पलायन शुरू, बारिश में रहने टोला घाट, माना, कोडार डेम क्षेत्र सुरक्षित

# बारिश होते ही प्रवासी पक्षी पैसिफिक गोल्डन ने परिवार के साथ भरी उड़ान, साइबेरियन ने पेड़ों पर बनाया आशियाना

मौसम में बदलाव के साथ ही प्रवासी पक्षी भी अपना ठिकाना बदल देते हैं। गर्मी के खत्म होने के बाद और मानसून के पहुंचने से पहले राजधानी के आसपास इलाकों से ठहरे प्रवासियों पक्षियों ने एक बार फिर से नए आशियाने के लिए अपनी उड़ान भरनी शुरू कर दी है। इस क्रम में कई विदेशी पक्षियों के झुंड ने भी पेड़ों में अपना अस्थाई घर बनाया है, जो अब ठंड तक यही रहेंगे।

**रायपुर।** पक्षी विशेषज्ञों का कहना है कि बीते कुछ सालों में विदेशी पक्षियों को छत्तीसगढ़ की आबोहवा खूब भा गई है। कुछ पक्षी 6 महीने तो कई खग साल का अधिकतर हिस्सा यहीं बिता रहे हैं। बारिश से पहले ठकुराइन टोला घाट स्थित पेड़ों पर साइबेरियन पक्षियों का नया झुंड देखने को मिला है। एक पेड़ पर दर्जनों पक्षियों का बसेरा बन गया है। यह जगह बारिश में सबसे सुरक्षित बनी हुई है। इसके अलावा आरंग स्थित कोडार बांध समेत बार नवापारा के जंगलों में तथा पैसिफिक गोल्डन और ग्रे हेडेड लेपन विदेशी पक्षियों ने नए ठिकाने के लिए उड़ान भर ली है।

### साइबेरियन का बारिश के समय प्रजनन

शहर से जुड़े ठकुराइन टोला घाट में साइबेरियन पक्षियों ने अपना घर बसाया है। पक्षियों के झुंड देखने अब बड़ी संख्या में पर्यटक भी टोला घाट पहुंच रहे हैं। बीते कुछ सालों से साइबेरियन पक्षी टोला घाट के नदी किनारे पेड़ों पर अपना बसेरा बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारिश के समय लंबी हवाई यात्रा कर ये पहुंचते हैं और लगभग ठंड तक रहते हैं। गर्मी शुरू होने से पहले ही फरवरी में ये चले जाते हैं। बारिश के समय प्रजनन भी करते हैं।



फोटो : किशन लोखंडे



### जून की जगह मई में ही पलायन

आमतौर पर जून में पक्षियों का पलायन शुरू होता है, लेकिन मानसून के 15 से 20 दिन पहले ही इस बार मई से ही शुरू हो चुका है। लैडर सैंड प्लोवर, वुड सैंडपाइपर जैसे छोटे और विदेशी पक्षी नवंबर के समय पलायन करते हैं, लेकिन सायबेरियन पक्षी इस बार मई महीने में ही बारिश के पहले रायपुर के आसपास पहुंचने लगे हैं। इन पक्षियों को रहने के लिए यहां सुरक्षित वातावरण और भोजन भी प्रचुर मात्रा में मिल जाता है। बीते दिनों मंदिर हसौद स्थित कठिया डेम में यूरोपियन पाइड हैरियर पक्षी दिखाई दिया। अम्लेश्वर स्थित बेलौदी के बांध, पाटन के संतारा बांध और आरंग के कोडार डेम में बड़ी संख्या में प्रकृतिप्रेमी प्रवासी पक्षियों को देखने पहुंच रहे हैं। इन जगहों पर हर बारिश में हर साल कैस्पियन सागर, तिब्बत और साइबेरिया से प्रवासी पक्षी आते हैं।



### जापान के ग्रे हेडेड लेपन का बसेरा

राजधानी से आसपास के बांधों में बड़ी संख्या में विदेशी पक्षियों ने बसेरा बसाया हुआ है। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर का कहना है कि इन जगहों नर अलग-अलग मौसम में कैस्पियन सागर, तिब्बत और साइबेरिया से प्रवासी पक्षी आते हैं। बेलौदी के बांध के निकट पेड़ों पर ग्रे हेडेड लैपविंग ने ठंड में इस बार बसेरा बनाया है। यह प्रजाति चीन और जापान में पाई जाती है। यह पक्षी चमकीले रंग का होता है और इसके पंजे भी बड़े होते हैं। बांध के कीड़ों को वे अपना भोजन बनाते हैं।

## सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी युद्ध के अनुभव करेंगे साझा, डिकोडिंग मिशन सिंदूर पर होगी चर्चा

यंग इंडियंस रायपुर चैप्टर की ओर से 29 मई को आयोजन

**रायपुर।** यंग इंडियंस रायपुर चैप्टर की ओर से सामयिक और रणनीतिक महत्व के कार्यक्रम "डिकोडिंग मिशन सिंदूर" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 29 मई को शाम 60 बजे कोर्टयार्ड मैरियट होटल रायपुर में आयोजित है, जिसमें भारत के उच्च पदस्थ सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों और रणनीतिक विशेषज्ञों की उपस्थिति रहेगी। यह आयोजन भारत की उभरती सैन्य आवश्यकताओं, सूचना युद्ध की चुनौतियों, और साइबर-सुरक्षा की रणनीतियों पर केंद्रित रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अनिल मलिक, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) होंगे, जो भारतीय सेना, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र में 42 वर्षों के समृद्ध अनुभव के साथ एक अत्यंत अनुभवी अधिकारी हैं। वे संचार अवसंरचना परियोजनाओं और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं। 38 वर्षों तक भारतीय सेना में सेवा के दौरान उन्होंने ईस्टर्न कमांड के चीफ सिग्नल ऑफिसर, अतिरिक्त महानिदेशक दूरसंचार एवं उपमहानिदेशक दूरसंचार जैसे महत्वपूर्ण पदों का दायित्व निभाया।

### भविष्य की सैन्य तैयारियों पर भी चर्चा

कार्यक्रम के जरिए भारत की सूचना, युद्ध क्षमता और भविष्य की सैन्य तैयारियों पर विशेष रणनीतिक चर्चा होगी। कार्यक्रम में मेजर जनरल बसवराज गिलगंची, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) जो सूचना युद्ध, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और साइबर संचालन के विशेषज्ञ हैं, जिनके पास 37 वर्षों से अधिक समय का सैन्य अनुभव है। एयर कमोडोर राजीव मित्तल, वीएसएम (सेवानिवृत्त) वायु एवं अंतरिक्ष सुरक्षा में गहरी विशेषज्ञता, और त्रि-सेवा संचालन का व्यापक अनुभव है। वे भी सैन्य तैयारियों पर अपनी बात रखेंगे।

### इन विषयों पर होगी चर्चा

कार्यक्रम में भारत की समकालीन एवं भविष्य की युद्ध रणनीतियां और नेटवर्क-सेंट्रिक तथा एआई-सक्षम युद्ध की दिशा में सैन्य परिवर्तन व साइबर, सूचना और डिजिटल सीमाओं की रक्षा के लिए राष्ट्रीय तैयारी पर चर्चा होगी। विशेष अतिथि वक्ता कर्नल सौरभ अग्रवाल, सेना मेडल (सेवानिवृत्त) शामिल होंगे। वे ऑपरेशन स्नो लेपर्ड (गलवान) के कमांडर, दिवंगत जनरल बिपिन रावत के आईटी और साइबर सुरक्षा सलाहकार और डिजिटल परिवर्तन में अग्रणी योगदानकर्ता हैं।

## हीमोफीलिया मरीजों को बांटी निशुल्क फिजियोथेरेपी किट



**रायपुर।** इंटास फाउंडेशन की ओर से हीमोफीलिया से पीड़ित मरीजों के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य मरीजों को हीमोफीलिया से संबंधित जानकारी प्रदान करना रहा। शिविर के दौरान रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रखरखाव की सलाह दी गई, वहीं जांच के अनुसार दवा का वितरण भी किया गया। इस मौके पर वी-वाई हॉस्पिटल से विशेषज्ञ चिकित्सों की टीम उपस्थित रही। रक्त रोग चिकित्सक डॉ. अंकित सहाय मुख्य व्याख्याता के रूप में मौजूद रहे।

### पीड़ितों को रिप्लेसमेंट फिजियोथेरेपी की जानकारी

चिकित्सक ने बताया कि हीमोफीलिया का उपचार मुख्य रूप से रक्त में थक्का बनाने वाले कारक को प्रतिस्थापित करके किया जाता है। इस दौरान उपस्थित लोगों को रिप्लेसमेंट थेरेपी, फिजियोथेरेपी से संबंधित जानकारी भी दी गई। वही पीड़ित परिवारों को फिजियोथेरेपी किट निशुल्क वितरित किए गए। संस्था की सदस्य ने बताया कि यह एक किट 5 हजार से अधिक कीमत की है। डॉ. अंकित सहाय द्वारा मरीजों को जेनेटिक काउंसिलिंग कर हीमोफीलिया के बेहतर उपचार की सलाह दी गई।

नागपुर के बाद देश का 13वां विश्वविद्यालय कैंपस रायपुर में होगा संचालित

# राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विवि कैंपस का सेटअप महीनेभर में होगा तैयार, जुलाई से फॉरेंसिक की पढ़ाई

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** राजधानी में इस शैक्षणिक सत्र से फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई शुरू होगी। इसके लिए गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार के ई-ब्लॉक भवन में देश के 13वें राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय कैंपस की शुरुआत होने जा रही है। इसके लिए राज्य सरकार ने संचालनालय राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला विभाग की देखरेख में शुरू कर दिया है। विभाग के मुताबिक, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार के ई-ब्लॉक भवन को रेनोवेट व सेटअप बैठाने जून महीने के आखिर तक काम पूरा कर लिया जाएगा। वहीं 15 जुलाई से कक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी।

कैंपस भवन रेनोवेशन का कार्य निर्माण एजेंसी राज्य लोक निर्माण विभाग को दिया गया है, जबकि कैंपस को स्मार्ट क्लासरूम, टेक्नोलॉजी, आधुनिक लैब, फैकल्टी का पूरा जिम्मा केंद्र सरकार के राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय का होगा। बता दें कि देशभर से राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत विविध कैंपस में संचालित कोर्स के लिए छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन आवेदन मंगाया जा चुका है, जिसके लिए 7 व 8 जून को प्रवेश पात्रता परीक्षाएं आयोजित होंगी। इस प्रवेश पात्रता परीक्षा में राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय कैंपस रायपुर के लिए चयनित छात्र-छात्राओं को कैंपस में फॉरेंसिक साइंस से जुड़ी शिक्षा मुहैय्या कराई जाएगी। ऐसे में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार के ई-ब्लॉक भवन को राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय कैंपस रायपुर के तौर पर विकसित व संचालित किया जाएगा।




### रेनोवेशन और सेटअप की तैयारी

*संचालनालय राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला विभाग के संयुक्त संचालक टीएल चंद्रा ने बताया कि राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय कैंपस रायपुर, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार के ई-ब्लॉक भवन में 15 जुलाई से शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए भवन को रेनोवेट करने व सेटअप की तैयारी चल रही है।*

### ऐसा होगा फैकल्टी और डिपार्टमेंट स्ट्रक्चर

राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय कैंपस में तीन डिपार्टमेंट संचालित किए जाएंगे। इसमें एमएससी फॉरेंसिक साइंस की सीटें -30, एमएससी डिजिटल फॉरेंसिक एंड साइबर साइंस की सीटें-30, डिप्लोमा फॉरेंसिक साइंस क्राइम सीन की सीटें-20 रखी गई हैं। प्रत्येक डिपार्टमेंट में फैकल्टी संख्या 1 विभागाध्यक्ष प्रोफेसर, 2 एसोसिएट प्रोफेसर, 4 से 6 असिस्टेंट प्रोफेसर अप्वाइंट होंगे। फैकल्टी की नियुक्ति केंद्रीय गृह मंत्रालय का राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय करेगा।

### नवा रायपुर में 40 एकड़ में बनेगा स्थाई कैंपस

संचालनालय राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाल विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, राज्य सरकार ने राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय कैंपस के लिए नवा रायपुर में 40 एकड़ भूमि चयनित की है, जहां स्थाई कैंपस बनाया जाएगा। इसका भूमिपूजन केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा किया जाएगा। नए कैंपस के निर्माण तक गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार के ई-ब्लॉक भवन में कक्षाएं संचालित होंगी।

### एनएफएसयू गांधीनगर गुजरात से एग्रीमेंट

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय कैंपस रायपुर में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को न्यायालयिक विज्ञान के बेहतर प्रशिक्षण के लिए एनएफएसयू गांधीनगर गुजरात से एग्रीमेंट किया है। संयुक्त संचालक राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला विभाग ने बताया कि यह एग्रीमेंट एनएफएसयू गांधीनगर गुजरात के एग्जिक्यूटिव रजिस्ट्रार सीडी जडेजा की उपस्थिति में हुआ।

**सिटी लाइव**

## मेडिकल कॉलेज में मनाई नेहरू जयंती, डॉक्टर्स हुए शामिल



**रायपुर।** मेडिकल कॉलेज परिसर में मंगलवार को पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के डॉक्टर्स व स्टॉफ ने परिसर में स्थापित पं. नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी, वरिष्ठ चिकित्सा शिक्षक डॉ. अरविंद नेरल, डॉ. जागृति अग्रवाल, डॉ. देवप्रिय रथ, अन्य शिक्षक, विद्यार्थी और कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की उपलब्धियों का बखान किया गया। उनके नाम पर संचालित चिकित्सा महाविद्यालय में सैकड़ों युवा डॉक्टरी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इससे देश-प्रदेश में चिकित्सा के क्षेत्र में नया आयाम तय हो रहे हैं। पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर देश के प्रमुख मेडिकल कॉलेजों में गिना जाता है। मेडिकल कॉलेज में लगातार चिकित्सा के नए शोधकार्य भी किया जा रहा है, जिससे चिकित्सा के क्षेत्र में एक कदम और आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। मेडिकल कॉलेज से लगातार चिकित्सा की पढ़ाई पूरी कर निकलने वाले मेडिकल स्टूडेंट्स राज्य ही नहीं, बल्कि देश-दुनिया में चिकित्सा के क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रहे हैं।

### मेडिकल कॉलेज की अलग पहचान

*पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर मेडिकल की पढ़ाई के लिए देश के सबसे बेहतर प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास रूम व फैकल्टी है। यहां लगभग सभी मेडिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट की ब्रांच हैं। जहां मेडिकल चिकित्सा के अध्ययन व शोधकार्य किया जा रहा है। अध्यापक चिकित्सकों व स्टूडेंट्स को एक बेहतर वातावरण उपलब्ध हो रहा है।*

● तड़के ब्रह्म मुहूर्त से शुरू हुआ पूजन, सैकड़ों ने हवन और सामूहिक आरती में लिया भाग

# श्रद्धालुओं ने शनिदेव को चढ़ाया तेल, फूलों से किया श्रृंगार, पूजा कर मांगी ग्रहदोष मुक्ति



ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि पर मंदिरों में शनिदेव जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई, जहां सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गया था। मंगलवार को राजधानी स्थित आमापारा, सदर बाजार, गोल चौक, महादेवघाट आदि के प्राचीन शनि मंदिरों में भक्तों की लंबी कतार दर्शन के लिए लगी रही। इस दिन श्रद्धालुओं ने मन्नत व ग्रह दोष को शांत के लिए हवन पूजन कराया, धार्मिक मान्यता के अनुसार शनि जयंती के अवसर पर शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए भक्तों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान कराया जाता है, जिससे लोगों के बिगड़े ग्रह दोष समाप्त होते हैं, ऐसी मान्यता है।

**रायपुर।** शनि जयंती पर ब्रह्म मुहूर्त में पूजन कार्य प्रारंभ किया गया, जहां सुबह 4 बजे से शाम 7.31 मिनट तक शुभ मुहूर्त में पूजन कार्य संपन्न किया गया। इस मौके पर सर्वार्थ सिद्धि योग के लिए सुबह का योग शुभ माना गया, जहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सामूहिक आरती में शामिल हुए।"

### सरसों के तेल से किया अभिषेक

हाथों में काला तिल, जल और सरसों का तेल लिए सुबह से ही श्रद्धालु चूड़ी लाइन स्थित शनिदेव मंदिर पहुंचे। जहां चल विग्रह पर अभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा गया। शनि जयंती के शुभ अवसर पर सुबह-शाम 7 बजे महाआरती का आयोजन किया गया, जहां भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर पर मौजूद रही। मंदिर के पुजारी पं. संतोष शर्मा ने बताया कि आस्था के अनुसार श्रद्धालुओं द्वारा सरसों के तेल से अभिषेक किया गया।





### फूलों से किया श्रृंगार, भंडारा भी

शनि जयंती के अवसर पर श्रद्धालुओं की लंबी कतार मंदिर प्रांगण में देखने को मिली। इस मौके पर विशेष फूलों से श्रृंगार किया गया। गोल चौक स्थित शनि मंदिर के पुजारी किशन लाल शर्मा और अनिल शर्मा ने बताया कि देर शाम भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से श्रद्धालु परिजनों के साथ शनिदेव की महाआरती में शामिल हुए, दोपहर के वक्त हवन-पूजन किया गया। सिटी मॉल के नजदीक स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान किया गया, जहां भक्त सरसों का तेल, काला झंडा लेकर मंदिर परिसर पहुंचे। जयंती महोत्सव पर भव्य रूप से भंडारा का आयोजन किया गया था। मंदिर में फूल व मोतियों की माला से श्रृंगार किया गया।



### शुभ मुहूर्त में किया तेल अभिषेक

आमापारा स्थित शनि मंदिर के पुजारी पं. राकेश पांडे ने बताया कि शुभ मुहूर्त में अभिषेक और श्रृंगार के साथ जयंती महोत्सव की शुरुआत की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में देखने को मिली, खास अवसर पर भक्तों के लिए विशेष भोग प्रसादी की व्यवस्था की गई। महादेवघाट के नजदीक स्थित शनिदेव मंदिर में भी धार्मिक पूजन का सिलसिला दिनभर जारी रहा, जहां श्रद्धालु शुभ मुहूर्त में शनिदेव की दर्शन के लिए जुटे रहे।



**सिटी इवेंट**

## भाषा प्रशिक्षण शिविर में मराठी सीखने बच्चों में दिखा उत्साह



**रायपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा प्रशिक्षण शिविर का दूसरे दिन क्षेत्रीय भाषा को सीखने बच्चों में उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि किसी भी भाषा के प्रति दुराग्रह नहीं पालना चाहिए। भाषा हमारे भावों विचारों और ज्ञान का माध्यम है। कई बार हमें लगता है कि इस भाषा को बोलने वाले इंटेलिजेंट होते हैं और इस भाषा को बोलने वाले कम समझदार होते हैं। यह भ्रम के अलावा कुछ नहीं है। भारतीय भाषाओं के प्रति हमारा समान दृष्टिकोण होना चाहिए। अभी हम मराठी और तेलुगु के माध्यम से वहां की संस्कृति, परंपरा, साहित्य, स्लोगन आदि को आत्मसात करने का प्रयत्न कर रहे हैं।

### प्रासांगिक संवाद भी बताए गए

मराठी भाषा की मुख्य प्रशिक्षिका गीता माली ने मराठी भाषा सिखाते हुए कहा - चला मराठी शिकुया। मराठी भाषा के प्रशिक्षण में मराठी वर्णमाला, मराठी गिनती, जनरल ग्रिटिंग, अभिवादन, सामान्य वार्तालाप, समय सूचक शब्द और वाक्य, मराठी कविताएं, देशभक्ति स्लोगन का मराठी में अनुवाद करना सिखाया गया। प्रशिक्षिका गीता ने रास्ता पूछना, बाजार जाते समय बातचीत करना, सामान लाना इन छोटे-छोटे वाक्यों से बच्चों को कुछ प्रासांगिक संवाद भी बताए गए और बोलकर सिखाएं। बच्चों ने मराठी भाषा के प्रशिक्षण के इस शिविर में बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक भाग लिया। मराठी भाषा सीखाने के प्रशिक्षण शिविर में रामाशीष चौहान, डॉ राखी श्रीवास्तव, डॉ अजय आर्य, सतीश धीवर सहित अन्य शिक्षकों की मुख्य भूमिका रही।

## सर्दी से लेकर कैंसर तक सुरक्षा देने वाले टीके उपलब्ध, बच्चे और युवा लगवा रहे

**विदेश की यूनिवर्सिटी में दाखिले के लिए फ्लू, एंजाइटी एमसीवी, एमएमआर का टीकाकरण जरूरी**

**रायपुर।** शहर में गंभीर रोग से बचने के लिए तमाम वैक्सीन अस्पतालों में उपलब्ध हैं, लेकिन अधिकतर लोगों को इसकी जानकारी नहीं है। चिकित्सकों के अनुसार, ये सभी वैक्सीन स्वस्थ शरीर के लिए फायदेमंद हैं। अस्पतालों में सर्दी-खासी से लेकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध हैं, जो शरीर में संक्रमण की रोकथाम में मदद करती हैं। इन दिनों 10 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं को किशोर-युवाओं को फ्लू, एंजाइटी एमसीवी, एमएमआर, एचपीवी, टीडीएपी और सर्वाइकल-ब्रेस्ट कैंसर से संबंधित टीकाकरण करने की सलाह चिकित्सकों द्वारा दी जा रही है।

> शहर का युवावर्ग अभी भी जागरूक नहीं, बीमारियों से बचने टीकाकरण जरूरी

जिला अस्पताल से डॉ. निलय मोझरकर ने बताया कि परिजनों को काउंसिलिंग के दौरान अक्सर वैक्सीन की जानकारी दी जाती है। जो विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई करने का इच्छुक हैं, उन्हें फ्लू, एंजाइटी एमसीवी, एमएमआर की वैक्सीन लगाने की सलाह दी जाती है। वैक्सीन का प्रमाण देने के बाद ही विदेशी यूनिवर्सिटी में दाखिला दिया जाता है। बुखार, ठंड, खांसी, गले में खराश और शरीर में दर्द की समस्या से निपटने फ्लू वैक्सीन लगाई जाती है, इसे 10 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे लगा सकते हैं। यह टीका शरीर को निमोनिया जैसी बीमारी से बचाता है।



**अस्पतालों में वैक्सीन की कीमत**

| | |
|---|---|
| टीडीपी वैक्सीन | - 1000-2000 |
| फ्लू वैक्सीन | - 2000-2500 |
| पीसीवी | - 3000-4000 |
| एचपीवी | - 2000-11000 |
| मेन एसीडब्ल्यूवाई (एमसीवी) | - 5000 |

### मेन एसीडब्ल्यूवाई वैक्सीन जरूरी

*डॉ. नीरज पहलाजानी ने बताया कि 15 वर्ष की आयु के बाद चिकित्सकों की सलाह पर एचपीवी, टीडीएपी, फ्लू और मेन एसीडब्ल्यूवाई वैक्सीन अनिवार्य है। मेन एसीडब्ल्यूवाई वैक्सीन मेनिंगोकोकल बैक्टीरिया के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रणाली को विकसित करने में मदद करती है, जिसकी पहला खुराक 11-12 वर्ष और दूसरी 16 वर्ष की आयु में तय की गई है। इसे एमसीवी टीके के नाम से भी जाना जाता है।*

### विवाह से पहले एचपीवी वैक्सीन

*संजीवनी अस्पताल से डॉ. युसूफ मेमन ने बताया कि सर्वाइकल-ब्रेस्ट कैंसर से रोकथाम के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाई जाती है। इसे 14-25 वर्ष की आयु में विवाह से पहले लगाना बेहतर साबित होता है। प्रदेशभर में महिलाओं में सबसे अधिक ये दो कैंसर की समस्याएं देखने को मिल रही हैं, जिसकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आधुनिक दौर में अब लड़कों को भी यह वैक्सीन लगाई जा रही, ताकि उन्हें संक्रमण से बचाया जा सके।*

## जेठ माह में त्योहार-व्रतों की गर्माहट, पड़ेंगे पांच मंगलवार

**रायपुर।** ज्येष्ठ माह की शुरुआत हो चुकी है। इसकी समाप्ति 11 जून को होगी। इस बार ज्येष्ठ माह में पांच मंगलवार पड़ रहे हैं। इसके साथ ही इस माह में व्रत-त्योहारों के साथ अनेक महापुरुषों की जयंतियां भी मनाई जाएंगी। नारद जयंती, रवींद्रनाथ टैगोर जयंती के साथ महाराणा प्रताप और वीर सावरकर जयंती भी इसी माह मनाई जाएगी। इस माह मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था, इसलिए 5 जून को गंगा दशहरा मनाया जाएगा। नौतपा में मानसून भी दस्तक देगा। जल संरक्षण महत्व भी ज्येष्ठ माह ही समझाता है। यही वजह है कि ज्येष्ठ माह में जगह-जगह प्याऊ और वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं। इस माह को आम बोलचाल में लोग जेठ का महीना भी कहते हैं। इस महीने में गर्मी अपने चरम पर होती है। सूर्य की किरणें झुलसाने लगती हैं, जहां लोग गर्मी से बचने के लिए विभिन्न जतन करते हैं, वहीं मंदिरों में भगवान को शीतलता देने के लिए जलयात्रा कराई जाती है। 6 जून को निर्जला एकादशी मनेगी। ज्योतिष दृष्टि से ज्येष्ठ माह के शुरुआती दिन बेहद खास हैं क्योंकि इस दौरान दोनों प्रभावशाली ग्रह गुरु और सूर्य का राशि परिवर्तन हो रहा है। ज्येष्ठ माह में जलदान और गंगा स्नान का बड़ा महत्व है।



### निर्जला एकादशी और भीमसेन एकादशी पर भी आयोजन

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 6 जून को निर्जला एकादशी और भीमसेन एकादशी है। इस एकादशी व्रत में पानी पीना वर्जित माना गया है। इसी वजह से इस एकादशी को निर्जला कहते हैं। पंडितों का कहना है कि बीमारी से ग्रस्त लोगों को निर्जला नहीं रहना चाहिए। ज्येष्ठ मास में गर्मी अधिक रहने से अधिकतर नदी, तालाब व कुएं सूख जाते हैं। इस कारण कई जगहों पर जल की भी कमी हो जाती है। इस वजह से खासतौर पर ज्येष्ठ मास में जल बचाने की परंपरा है। ये महीना जल का महत्व बताता है। इसी महीने की सबसे बड़ी निर्जला एकादशी पर भक्त पूरे दिन निर्जल रहकर व्रत रखते हैं। भीषण गर्मी में पूरे दिन अन्न-जल के बिना रहना एक तप की तरह है। मई माह में दो प्रमुख जयंतियां भी पड़ने वाली है। इसमें महाराणा प्रताप की जयंती 29 और अहिल्या बाई होलकर की जयंती 31 मई को है। इन दोनों दिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रकार 17 मई को सशस्त्र सेना दिवस मनाया जाएगा।

## नर्सरी में औषधीय, सजावटी, फलदार पेड़-पौधों की डिमांड बढ़ी, घर-कॉलोनी के गार्डन में रोपाई की अभी से तैयारी

**रायपुर।** बरसात की हालांकि अभी विधिवत शुरुआत नहीं हुई है, लेकिन प्री-मानसून की तरह बारिश की बौछारें पड़ने के साथ ही अभी से घरों के गार्डन, उसके आसपास खाली जगहों पर पेड़-पौधों की रोपाई की शुरुआत कर दी गई है। इसके लिए फलदार, छायादार, औषधि, शोभादार कई तरह के पेड़-पौधे खरीदने के लिए शहर की सभी नर्सरी में लोगों की अच्छी खासी तादाद दिखने लगी है। नर्सरी के संचालकों ने भी आगामी मौसम के अनुरूप पेड़-पौधों की वैरायटीज बढ़ा ली है। लोग बरसात के समय अपने घरों और बगीचों में नए पौधे लगाना पसंद करते हैं। इस बार कुछ समय पहले ही अपने घरों और बगीचों में हरी-भरी सुंदरता लाने के लिए पेड़-पौधे खरीद रहे हैं। बारिश के मौसम में पौधों की वृद्धि अच्छी होती है और उन्हें अधिक आसानी से जीवित रखा जा सकता है। नर्सरी में लोग विभिन्न प्रकार के पौधों को खरीद रहे हैं, जिनमें



फूल वाले पौधे, फल वाले पौधे, सजावटी पौधे और अन्य शामिल हैं। लोग अपनी पसंद के अनुसार पौधे चुन रहे हैं और उन्हें अपने घरों और बगीचों में लगाने खरीदकर ले जा रहे हैं। संतोषी नगर चौक-बोरियाखुर्द मार्ग, भाठागांव बस स्टैंड मार्ग और रायपुरा-महादेवघाट मार्ग की नर्सरियों से लोग पेड़-पौधे खरीद रहे हैं। नर्सरी संचालक रमेश ने बताया कि नर्सरियों में औषधि, सजावटी, फलदार पेड़-पौधों की डिमांड पहले से बढ़ गई है, घर-कॉलोनी के गार्डनों में रोपाई के लिए लोग अभी से पेड़-पौधे ले जा रहे हैं।

### पर्यावरण को लेकर बढ़ी जागरूकता

*औषधीय पौधों में तुलसी, गुड़हल, एलोवेरा तो छायादार में नीम, पीपल, बरगद, अशोक, सागौन, चंदन, फलदार में जामुन, कटहल, नीबू, आम, आंवला जैसे पेड़-पौधे नर्सरी से बड़े मात्रा में लोग लेकर जा रहे हैं। वहीं सजावटी में पत्तेदार, फूलों वाले पौधों में पीसी, लिली, आर्किड, गार्डनिया आदि का भी मांग अच्छी खासी है। वहीं गुलाब, गेंदा, मोंगरा जैसे देशी फूल भी खरीद रहे हैं। दूसरे फूलों में कैना लिली, बोगनवेलिया, हिबिस्कस जैसे पौधे डिमांड में हैं।*

### 50 से 500 रुपए तक के पौधे

*नर्सरी में सजावटी व इमारती, औषधी गुण वाले पेड़-पौधों की कीमत 50 से 500 रुपए तक उपलब्ध है। आमतौर पर घरों, कालोनियों के गार्डनों में पौधों व महंगे प्लांट की रोपाई करने तरह-तरह के कलेक्शन नर्सरी में मिल रहे हैं। ताकि लोग अपने बजट में पसंद के पेड़- पौधे खरीद सकें।*




## सिटी स्पोर्ट्स

### जिला मास्टर्स टेबल टेनिस में शैलेष अरविंद और दिव्या बने विजेता




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में 25 मईको आयोजित रायपुर जिला मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025 आयोजित की गई। लीग पद्धति पर हुई इस प्रतियोगिता में पुरुष एकल (आयु वर्ग 40) में शैलेष डागा, पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) में पहली बार अरविंद कुमार शर्मा विजेता बने तथा महिला एकल (आयु वर्ग 40) में दिव्या आमदे विजेता रहीं। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कोरिया जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव पी एन मजूमदार ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी एवं मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे उपस्थित थे।

प्रतियोगिता को लीग पद्धति पर दो चरणों में आयोजित की गयी थी जिसमें प्रथम चरण में पुरुष एकल (आयु वर्ग 40) एवं पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) के दो ग्रुप में से प्रत्येक ग्रुप के प्रथम चार स्थान प्राप्त खिलाड़ियों ने दूसरे चरण के सुपर लीग में प्रवेश किया।प्रतियोगिता के सभी वर्गों के सुपर लीग के अंतिम परिणाम में पुरुष एकल (आयु वर्ग 40) में विजेता- शैलेश डागा, उपविजेता- मंदार कुलकर्णी 2-1 तृतीय- चिरंजीत राय रहे। इसमें तीनों खिलाड़ियों के मध्य टाई से स्थान निर्धारित हुआ। उपरोक्त तीनों खिलाड़ियों के अतिरिक्त नमित कोठारी, जतिन सोनी, विनय केजरीवाल, राकेश यादव और मो जावेद ने क्रमशः चौथा से आठवां स्थान प्राप्त किया। पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) में विजेता- अरविंद कुमार शर्मा, उपविजेता-पवन सादीजा 2-0 तृतीय- अजीत बेनर्जी रहे। उपरोक्त तीनों खिलाड़ियों के अतिरिक्त केबी सिंह, गिरिराज बागड़ी, संतोष वैद, सुरेश दुबे और किशोर जादवानी ने क्रमशः चौथा से आठवां स्थान प्राप्त किया। महिला एकल आयु वर्ग 40) में विजेता दिव्या आमदे, उपविजेता- प्रमिला ठाकुर 2-1 तृतीय- सुश्री ईरा पंत रहीं। उपरोक्त तीनों खिलाड़ियों के अतिरिक्त गीता पंडित, मनीषा वाईकर और अर्चना जोशी ने क्रमशः चौथा से छठवां स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे एवं सहायक मुख्य निर्णायक नागेश्वर साहू और पुलकित यदु थे।

### शतरंज तिहार में प्रदेश से जुटेंगे 200 खिलाड़ी, 30 मई से शुरू होंगे मुकाबले



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ी इनामी राशि वाली स्विस लीग शतरंज प्रतियोगिता 30 मई को सुबह 8.30 बजे विप्र महाविद्यालय (पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर) में शुरू होगी। आशीष शर्मा स्मृति राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा जिला शतरंज संघ द्वारा मितान ,ग्रीन आर्मी ब्राह्मण पारा एवं विप्र महाविद्यालय के सहयोग से आयोजित है। इस स्पर्धा में कुल 70300/- नगद प्राइज तथा 8 मोमेंटो एवं 60 ट्रॉफी तथा 150 मेडल को मिलाकर लगभग एक लाख पच्चीस हजार रुपये इनाम के रूप में दिए जाएंगे।

पिछले वर्ष इस स्पर्धा में कुल 179 प्रतिभागियो ने भाग लिया था तथा इस वर्ष लगभग 200 प्रतिभागियों के आने की संभावना है, जिसमे रायपुर के अलावा बस्तर, कवर्धा, कबीरधाम, महासमुंद, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, धमतरी, शक्ति, रायगढ़, बिलासपुर समेत छत्तीसगढ़ के सुदूर हिस्सो से खिलाड़ी भाग ले रहे है। मुख्य ओपन वर्ग एवं बालिका वर्ग के अलावा अंडर 7, 9, 11 और अंडर 13 वर्ग के प्रतियोगियों को प्रोत्साहन देने के लिए अलग से पुरुस्कार प्रदान किये जायेंगे। प्रतियोगिता 8 चक्रों में खेली जाएगी इस प्रतियोगिता के प्रतियोगिता निर्देशक जिला शतरंज संघ के सचिव नवीन शुक्ला एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आनंद अवधिया है।

मुख्य निर्णायक फिडे ऑर्बिटर एवं फिडे इंस्ट्रक्टर रोहित यादव है एवं डिप्टी चीफ ऑर्बिटर फिडे ऑर्बिटर रॉकी देवांगन है। सहायक निर्णायक के रूप में सीनियर नेशनल ऑर्बिटर श्रीमती हेमा नागेश्वर, अनूप झा ओमप्रकाश वन्दे एवं चंदन विश्वकर्मा होंगे। आयोजन समिति में आशुतोष शर्मा (अध्यक्ष मितान) मेघेश तिवारी (प्राचार्य विप्र महाविद्यालय), अमिताभ दुबे (संस्थापक ग्रीन आर्मी), नवीन शुक्ला(सचिव रायपुर जिला शतरंज संघ) एम चन्द्रशेखर, संदीप दीवान, गौरव दीवान, अजय पांडे, विवेक शर्मा, शिवांश शुक्ला, सुयश शर्मा, संजय परमार सदस्य शामिल है।

### अपनी लाइफ स्टाइल बदल कर ला सकते हैं चेहरे पर रौनक

# उम्र से पहले नजर आता बुढ़ापा बन जाता है परेशानी इन आदतों में छिपा है जवां दिखाई देने का सीक्रेट

30 की उम्र में ही आप 35-40 के दिख रहे हैं। यह परेशानी स्किन पर नजर आ रहे एजिंग के साइन्स छीन रहे हैं सेल्फ कॉन्फिडेंसतो परेशान मत हो और इन हेल्दी हैबिट्स को आजमाकर उम्र से जवां नजर आओ।

सही स्किन केयर और लाख कोशिशों के बाद भी तुम्हें तुम्हारी मुश्किल का हल नहीं मिल रहा है। लेकिन, इस दिक्कत का हल यहां मौजूद है और वो भी एक्सपर्ट से बातचीत के आधार पर।

जी हां, उम्र से ज्यादा दिखना काफी महिलाओं की दिक्कत होती है। कई बार समय से पहले ही कई कारणों से चेहरे पर एजिंग के साइन्स नजर आने लगते हैं और इसका सीधा असर महिलाओं के सेल्फ कॉन्फिडेंस पर होता है। आपको बता दें कि सही स्किन केयर के अलावा, डाइट और लाइफस्टाइल से जुड़ी कई आदतें भी एजिंग के लिए जिम्मेदार होती हैं। ऐसे में अगर आप 40 की उम्र में 30 की दिखना चाहती हैं, तो इन टिप्स को फॉलो करें। इस बारे में डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट नंदिनी जानकारी दे रही हैं।

सबसे पहले तो यह जान लो कि उम्र से जवां दिखने का सीक्रेट हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल में छिपा है। उम्र से जवां दिखने के लिए हाइड्रेशन बहुत जरूरी है। दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं। इससे एजिंग के साइन्स कम होते हैं और शरीर में जमा टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं।

स्ट्रेस से दूर रहें। स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल स्किन पर बुरा असर डालता है और इसकी वजह से स्किन



अपनी चमक खोने लगती है। अनुलोम-विलोम और कपालभाति समेत कई प्राणायाम तनाव को कम कर सकते हैं।

एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर डाइट जैसे ब्लूबेरी, शकरकंद, टमाटर और एवाकाडो को डाइट में शामिल करें। इसके अलावा, हरी पत्तेदार सब्जियां, नट्स और सीड्स जरूर खाएं।डार्क चॉकलेट और ग्रीन टी भी एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होती है। ये स्किन को नुकसान से बचाती है और उम्र बढ़ने के प्रोसेस को धीमा कर सकती है।पूरी नींद लें। स्किन सेल्स को रिपेयर करने के लिए अच्छी नींद जरूरी है। नींद की कमी से डार्क सर्कल्स, थकी हुई त्वचा और उम्र बढ़ने के लक्षण जल्दी दिखने लगते हैं।अनार, गाजर, चुकंदर, टमाटर और आंवला के जूस को डाइट में जरूर शामिल करें। ये जूस एजिंग के प्रोसेस को धीमा कर सकते हैं।

हल्दी में एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। यह स्किन को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से त्वचा को बचाती है और एजिंग के लक्षणों को कम कर सकती है। एक्सरसाइज और योग जरूर करें। भुजंगासन और हलासन, स्किन को हेल्दी बनाने में मदद करते हैं।

अपनी स्किन टाइप और उम्र के हिसाब से स्किन केयर रूटीन को फॉलो करें। आप किसी एक्सपर्ट की सलाह भी ले सकती हैं।

अच्छा सोचें और खुद को पॉजिटिव रखने की कोशिश करें। याद रखें कि नेगेटिव विचार हेल्थ पर बुरा असर डाल सकते हैं।







## बीपी भी बार-बार हाई हो जाता है तो हो सकती हैं ये गंभीर दिक्कत

बीपी बार-बार बढ़ता है और दवाई खाकर आप इसे कंट्रोल कर लेती हैं, तो ग़ह अच्छी बात नहीं है, अपनी लाइफस्टाइल को ऐसे करें, कि आपका बीपी न बढ़े, क्योंकि बार-बार बीपी बढ़ने से कई तरह की गंभीर बीमारी हो सकती है। जैसे हार्ट अटैक, क्रोनिक किडनी डिजीज

भागदौड़ भरी जिंदगी में बीपी की समस्या आम हो गई है। हाई बीपी एक छिपे हुए खतरे की तरह होता है। इसे अक्सर हम लोग तब तक नजरअंदाज करते हैं, जब तक कोई बड़ी घटना ना घट जाए। दरअसल हाई बीपी जरूरी नहीं है कि हमेशा वॉर्निंग साइन दे। ऐसे में अगर आपको हर कुछ दिनों पर हाई बीपी की शिकायत हो जाती है, तो इसे नजरअंदाज न करें। बीपी का बढ़ा हुआ नंबर कई बीमारियों की दस्तक हो सकती है। इससे पहले की कोई बीमारी आपको घेरे, आप अभी से ही अपनी लाइफस्टाइल पर ध्यान देना शुरू कर दें। आइए जानते हैं बार-बार हाई बीपी के कारण क्या क्या दिक्कतें हो सकती हैं। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ। प्रियंका सहरावत जानकारी दे रही हैं।

बीपी अगर बार-बार बढ़ता है, तो इसका सबसे ज्यादा असर हमारे दिमाग पर होता है। इससे स्ट्रोक आ सकता है। हाई बीपी हमारी धमनियों को सख्त और संकरा बना सकता है, जिसे एथेरोस्क्लेरोसिस कहते हैं, इस वजह से दिमाग की नसों में खून के थक्के बनने की संभावना बढ़ जाती है।



इससे दिमाग को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है। इससे ब्रेन हैमरेज भी हो सकता है। लगातार बीपी बढ़ने से दिमाग की कमजोर रक्त वाहिकाएं फट सकती है,जिससे दिमाग के अंदर ब्लीडिंग शुरू हो जाती है। हाई बीपी का असर दिल पर भी बुरी तरह से पड़ता है। हाई बीपी के कारण दिल को खून पहुंचाने वाली धमनियां सख्त और संकरी हो जाती है। जब ये धमनियां प्लाक और खून के थक्कों से बंद हो जाती है, तो हार्ट अटैक आ सकता है।

हमारी किडनी खून से गंदगी और पानी को छानने का काम करती है। इनमें छोटी छोटी रक्त वाहिकाएं होती हैं, जो यह काम करती है। हाई बीपी इन नाजुक रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे किडनी की खून को प्रभावी ढंग से फिल्टर करने की क्षमता कम हो जाती है। समय के साथ यह क्रोनिक किडनी डिजीज का कारण बन सकता है। हाँ, बीपी यानी रक्तचाप भी बार-बार हाई हो सकता है। यह कई कारणों से हो सकता है, जैसे कि तनाव, चिंता, खराब खानपान, या कुछ स्वास्थ्य समस्याएं। हालांकि, बीपी का बार-बार हाई होना चिंता का विषय है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। बीपी हाई होने के कुछ मुख्य कारणः

### तनाव और चिंताः

जब आप तनाव या चिंता में होते हैं, तो आपके शरीर में एड्रेलाइन नामक हार्मोन निकलता है जो रक्त वाहिकाओं को संकुचित कर देता है, जिससे बीपी बढ़ जाता है।



### खराब खानपानः

बहुत अधिक नमक, शराब या कैफीन का सेवन करना, या पर्याप्त शारीरिक गतिविधि न करना बीपी हाई होने का कारण बन सकता है।

### कुछ स्वास्थ्य समस्याएंः

कुछ दीर्घकालिक स्थितियाँ जैसे कि किडनी रोग, मधुमेह, और स्लीप एपनिया भी उच्च रक्तचाप का कारण बन सकती हैं।

## खस की जड़ को पानी में मिलाकर पीने से क्या होता है? एक्सटपर्ट से जानिए



खस की जड़ को इंग्लिश में वेटिवर जड़ कहते हैं। यह अपनी विशिष्ट सुगंध के लिए जानी जाती है और इसका इस्ते माल कई कामों को पूरा करने के लिए किया जाता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि औषधीय गुणों के कारण इस जड़ का इ्स्तोमाल आयुर्वेदिक चिकित्सा में भी किया जाता है।

### ज्यादा प्यास को करता है कम

खस की जड़ का पानी पीने से शरीर को ठंडक मिलती हे और प्याजस कम होती है। साथ ही, यह शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है।

### एसिडिटी और सूजन होती है कम

खस की जड़ का पानी डाइजेशन का टॉनिक माना जाता है, क्योंमकि, इसमें शीतल और कार्मिनेटिव गुण होते हैं। यह डाइजेस्टिव सिस्टीम को मजबूत करता है और भोजन को पचाने में मदद करता है, जिससे एसिडिटी कम होती है। इसके अलावा, इस जड़ में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण सूजन कम करते हैं।

### पित्त दोष को करता है दूर

खस की जड़ में मौजूद पित्त-शामक गुण शरीर में पित्त असंतुलन को कम करते हैं। इससे बना पानी रोजाना पीने से शरीर में एनर्जी का लेवल बना रहता है और डाइजेशन बेहतर होता है।

ब्लशड सर्कुलेशन में करता है सुधार

खस की जड़ का पानी ब्लेड सर्कुलेशन में सुधार करता है। इसमें मौजूद नेचुरल गुण ब्लसड वेसल्सा को फैलाने में मदद करते हैं। जब ब्ललड का फ्लो सही तरीके से होता है, तब शरीर के विभिन्न अंगों तक ऑक्सीजन और पोषक तत्व सही तरीके से पहुंचते हैं, जिससे पूरे शरीर की कार्यक्षमता बढ़ती है।

### यूरिनरी ट्रैक्टस इंफेक्शन से राहत

खस की जड़ का पानी मूत्रवर्धक के रूप में काम करता है। इस पानी को पीने से यूटीआई के कारण पेशाब में होने वाली जलन और दर्द कम होता है। साथ ही,खस की जड़ में ऐसे गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया से लड़ने में मदद कर सकते हैं, जो यूरिनरी ट्रैक्टं इंफेक्श न का कारण हैं।

### एंटी-इमेटिक गुण

खस की जड़ में एंटी-इमेटिक गुण होते हैं, जो उल्टी और मतली के इलाज में मदद करते हैं। इस जड़ को आयुर्वेद में शीतल प्रदान करने वाली जड़ी-बूटी माना जाता है, जो पित्त को शांत करती है और उल्टी और मतली को कम करती है। इसके अलावा, खस की जड़ में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण भी होते हैं, जो शरीर को हानिकारक फ्री-रेडिकल्स से बचाकर उल्टी और मतली को दूर करते हैं।

## बर्तनों पर जमा हो गई है चिकनाई? इस सफेद पाउडर वाले हैक से करें साफ



आपके साथ भी कभी-कभी ऐसा होता है कि किसी बर्तन से चिकनाई का दाग वाश करने के बाद भी नहीं हटता है। अगर ऐसा है तो आज हम आपको एक ऐसा वायरल तरीका बताने जा रहे हैं। जिसकी मदद से बर्तनों की चिकनाई मिनटों में साफ हो सकती है। इसके लिए आपको पैसा भी खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।


अगर आपके साथ भी इसी तरह की दिक्कत होती है तो आज हम आपके लिए एक सस्ता और आसान सोल्यूशन लेकर आए हैं। जिसकी मदद से आप बिना पानी के अपने बर्तनों की चिकनाई का सफाया कर सकती हैं। इसके लिए आपको ज्यादा पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ेगा और न ही इसको करने में मेहनत लगेगी। बर्तनों का चिकनापन साफ करने की यह ट्रिक सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हो रही है। आइए इस लेख में जान लेते हैं किस एक सफेद पाउडर की मदद से आप बिना किसी झंझट के बर्तनों से ऑयल को हटा सकती हैं।

### आवश्यक सामग्री

लोहे का स्क्रबर,टेलकम पाउडर,नींबू का रस,गर्म पानी

### साफ करने का तरीका

इसके लिए आपको सबसे पहले बर्तन को थोड़े गर्म पानी से साफ कर लेना है। अब आप इस बर्तन पर अपनी मेकअप किट में रखा टेलकम पाउडर छिड़कें। बर्तन पर जहां भी चिकनाई दिख रही है आप पाउडर को उस जगह पर अच्छी तरह लगा दें। करीब 5 मिनट तक इसे ऐसे ही लगा रहने देना है। अब आप हाथ की मदद से पाउडर को रगड़ते हुए हटाएं। फिर आपको लोहे वाला स्क्रबर में डिश वॉश और नींबू का रस लेकर उससे बर्तनों को साफ करना है।
















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## परफॉर्मेंस के बीच जेनिफर लोपेज ने किया बैक डांसर्स को किस



अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड 2025 में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर हर कोई शॉक्ड रह गया। दरअसल, एक्टर-सिंगर जेनिफर लोपेज अवॉर्ड समारोह की ओपेनिंग सेरेमनी में परफॉर्मेंस दे रही थीं। तभी जेनिफर ने कुछ ऐसा किया कि वहां बैठे लोग हैरान रह गए। जेनिफर लोपेज ने अपन परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज पर ही अपने साथ डांस करने वाले तीन बैकस्टेज डांसर्स को किस कर लिया। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे।

जेनिफर ने अवार्ड शो की शुरुआत डांस मेडली से की जिसमें उनके कई बैकअप डांसर्स के साथ एक धमाकेदार किस-ऑफ भी शामिल था। 2025 एएमए की शुरुआत जेनिफर ने अपने 2012 के हिट डांस अगेन के धीमे संस्करण को गाकर की, जिसके बाद शो की झलक दिखाने वाला एक मोंटाज दिखाया गया। हालांकि, जिस बात ने सभी को सबसे ज्यादा हैरान कर दिया, वह था जेनिफर का हाई-पावर परफॉरमेंस के दौरान अपने पुरुष और महिला दोनों डांसर्स को किस करना। किस-ऑफ की शुरुआत टेडी स्विम्स के लूज कंट्रोल पर डांस करने से हुई।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल की 'थुडारम' ने बॉक्स ऑफिस पर तोड़े कई रिकॉर्ड, अब ओटीटी पर रिलीज



अभिनता मोहनलाल की थ्रिलर-एक्शन फिल्म 'थुडारम' सिनेमाघरों में 25 अप्रैल को रिलीज हुई थी और इसने मलयालम में रिकॉर्ड कमाई करके इतिहास रच दिया। अब हिंदी भाषी दर्शकों के लिए भी यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज की जा रही है। बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करने के बाद मलयालम फिल्म 'थुडारम' 30 मई को हिंदी दर्शकों के लिए ओटीटी पर रिलीज होगी। इस फिल्म को जियो हॉटस्टार पर आप देख सकेंगे। इसकी जानकारी खुद स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की है। इसे कुल पांच भाषाओं मलयालम, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और तेलुगु में रिलीज किया जाएगा।

मोहनलाल अभिनीत फिल्म 'थुडारम' की कहानी क्राइम-थ्रिलर प्लॉट पर आधारित है। इस फिल्म की कहानी एक टैक्सी ड्राइवर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे लोग प्यार से 'बेंज' कहते हैं। उसके एक पास एक गाड़ी रहती है, जिससे वह बहुत प्यार करता है। फिल्म में असली मोड़ तब आता है, जब उसकी गाड़ी एक पुलिस जांच में फंस जाती है और उसमें ड्रग्स मिलता है। इसके बाद वह ड्राइवर साधारण तरीके से किस तरह से इस केस को लड़ता है, यही कहानी का जान है।

'थुडारम' ने दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 231 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की, जिससे यह अब तक की तीसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली मलयालम फिल्म बन गई। मोहनलाल की इस फिल्म ने केवल मलयालम भाषा में ही 100 करोड़ से अधिक रुपये कमाए हैं। इस फिल्म को थारुन मूर्ति द्वारा निर्देशित किया गया है। वहीं इस फिल्म में मोहनलाल की पत्नी के रूप में अभिनेत्री शोभना नजर आईं हैं। इस फिल्म में मोहनलाल और शोभना के अलावा प्रकाश वर्मा, फरहान फासिल, मनियानपिला राजू, बीनू पप्पू, इरशाद अली, अर्शा चंदिनी बैजू, थॉमस मैथ्यू और कृष्णा प्रभा ने सहायक भूमिका निभाई हैं।

### भोजपुरी

## रानी ने की माधुरी बनने की कोशिश 'धक धक' पर नाच उठी झूम कर



रानी चटर्जी ने माधुरी दीक्षित बनने की कोशिश की और 'धक धक करने लगा' गाने पर डांस किया। रानी चटर्जी का डांस देख फैंस भी मुरीद हो गए, और बोले कि उनका गजब का डांस किया है। एक ने कहा कि डांस देखकर उसे फीवर आ गया। भोजपुरी फिल्मों की स्टार हीरोइन रानी चटर्जी के भले ही सैंकड़ों फैंस हैं, पर वह खुद माधुरी दीक्षित की फैन हैं। तभी तो रानी पर हाल ही माधुरी का 'फीवर' चढ़ा, और उन्होंने साड़ी पहनकर 'धक धक करने लगा' गाने पर जोरदार डांस किया। रानी चटर्जी ने गाने की एक-एक बीट पर ऐसे ठुमके मारे कि फैंस का दिल ही धड़कने लगा और वो रानी चटर्जी पर प्यार लुटाने लगे।

रानी चटर्जी ने डांस का यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जिस पर फैंस के साथ-साथ यूजर्स के भी काफी कमेंट्स आ रहे हैं। इस वीडियो में रानी चटर्जी साड़ी पहने हुए हैं, और आमों से लदे बाग में माधुरी दीक्षित के अंदाज में करती नजर आ रही हैं। खुली जुल्फों को लहराते हुए रानी मुखर्जी लाल चूड़ियों और बिंदी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

रानी चटर्जी के वीडियो पर एक फैन ने लिखा, 'वाह मैम, कमाल कर दिया। क्या डांस है और क्या साड़ी है। एक्सप्रेशन भी लाजवाब हैं।' एक का कमेंट है, 'बहुत खूबसूरत डांस।' एक और ने लिखा, 'एकदम जबर, आग लगा दी।' एक ने लिखा, 'ये रील देखकर मुझे फीवर आ गया है, अब हॉस्पिटल का बिल आप ही भरना।' रानी चटर्जी के करियर की बात करें, तो वह भोजपुरी सिनेमा की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में से एक हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह एक फिल्म के लिए 25-30 लाख रुपये फीस लेती हैं।

### सूटिंग का फैशन

### लाइफ स्टाइल



> सूटिंग पिछले कुछ अरसे से फ्रांस के फैशन से बाहर हो गई है क्योंकि फ्रांस के कई हिस्सों में लोग घर से ही लाउंजवियर पहनकर काम कर रहे हैं, लेकिन इस मौसम में यह पुराना स्टाइल फिर से वापस आ गया है। एकदम सफ़ेद और आकर्षक एक्सेंट के साथ - कमर की टाई से लेकर कंट्रास्ट ब्लैक हार्डवेयर और बोल्ड शोल्डर तक, ये ऐसे पीस हैं जो आपके कम्यूट पर वापस लौटने की संभावना को और भी ज़्यादा आसान बना देंगे।

## घर पर काट रही हैं बाल तो इन बातों का ध्यान अवश्य रखें, वरना बिगड़ जाएगा पूरा लुक

बाल हमारे लुक को स्टाइलिश और खराब बनाने में काफी अहम किरदार निभाते हैं। यदि इन्हें सही तरह से स्टाइल नहीं किया गया तो हमारा लुक पूरी तरह से बिगड़ सकता है, वहीं सही कटिंग और हेयर स्टाइल आपको एकदम सिलेब जैसा दिखने में मदद कर सकती है।


वैसे तो ज्यादातर लोग बालों को सेट कराने के लिए सैलून जाना पसंद करते हैं, लेकिन आज भी बहुत से लोग घर में बाल काटना पसंद करते हैं। यदि आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जो पैसे और समय बचाने के लिए घर पर बाल काटते हैं, तो आपको कुछ बातों पर ध्यान देने की जरूरत है। यहां हम आपको इन्हीं बातों के के बारे में बताने जा रहे हैं, तकि आपका लुक भी एकदम परफेक्ट लगे और आप घर पर ही परफेक्ट तरह से बालों को काट सकें।

### सही होने चाहिए टूल्स

यदि आप घर पर बाल काट रहे हैं तो ध्यान रखें कि इसके टूल्स एकदम परफेक्ट होने चाहिए। खासतौर पर यदि बाल काटने वाली कैंची शार्प और फ्लैट ब्लेड वाली नहीं होगी, तो इससे बाल कटने में काफी परेशानी होगी। कभी भी साधारण रसोई वाली कैंची से तो बालों को गलती से भी न काटें।

### बालों को सुलझाना है जरूरी

बाल काटने से पहले उन्हें अच्छी तरह से सुलझा लें। यदि आप



बालों को सुलझाएंगे नहीं तो इससे बालों की सही शेप पता नहीं लगेगी और ये ऊपर-नीचे दिखेंगे। ऐसे में पहले अपने बालों को अच्छी तरह से सुलझाएं और उसके बाद ही इन्हें काटना शुरू करें।

### बालों को गीला करना है जरूरी

यदि घर पर बाल काट रहे हैं तो भी उन्हें हल्का गीला करें। ऐसा इसलिए क्योंकि सूख जाने के बाद बाल मुड़ने लगते हैं, जिस कारण इसका असली आकार देखने को नहीं मिलता। इसलिए बाल काटने से पहले उन्हें हल्का सा गीला कर लें, ताकि पहले तो ये सही से कट जाए और दूसरा आपको सही से पता लग पाए कि इन्हें किस आकार में काटना है।

## 70 के दशक का फैशन लौट रहा, फिल्म जगत से फैशन की दुनिया में है लोकप्रिय



रेट्रो फैशन अब एक बार फिर स्टाइल आइकन बनकर उभरा है। रेट्रो फैशन बॉलीवुड की ग्लैमरस गलियों में छा गया है। दीपिका, कंगना और प्रियंका जैसी अभिनेत्रियां इस बात का बेहतरीन उदाहरण हैं कि कैसे पुराना फैशन भी नए अंदाज में ट्रेंडी बन सकता है।



फैशन में सबसे दिलचस्प बात यह है कि ये समय के साथ घूमता है और पुराने दौर का स्टाइल फिर से ट्रेंड बन जाता है। 60 और 70 के दशक का रेट्रो लुक आज के दौर की कई बॉलीवुड अभिनेत्रियों के बीच बेहद लोकप्रिय हो गया है। चाहे वह हेडबैंड्स हों, पोल्का डॉट्स वाली ड्रेसेज हों या विंटेज आईलाइनर हो। रेट्रो फैशन अब एक बार फिर स्टाइल आइकन बनकर उभरा है। रेट्रो फैशन बॉलीवुड की ग्लैमरस गलियों में छा गया है। पुराने दौर की ये स्टाइल्स न केवल फैशन सेंस को नया रंग देती हैं, बल्कि आज की पीढ़ी को भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के स्वर्णिम युग से जोड़ती भी हैं। दीपिका, कंगना और प्रियंका जैसी अभिनेत्रियां इस बात का बेहतरीन उदाहरण हैं कि कैसे पुराना फैशन भी नए अंदाज में ट्रेंडी बन सकता है।

### रेट्रो लुक क्या है?

रेट्रो लुक उस दौर के फैशन को कहते हैं जो 1960s और 1970s के समय में ट्रेंड में था। इस दौर में फैशन में रंर बिरंगे कपड़े, बड़े सनग्लासेस, बेल-बॉटम्स, बफैंट हेयरस्टाइल और कैट आई मेकअप आम थे। इन फैशन एलिमेंट्स ने उस दौर की मुमताज, शर्मिला टैगोर, जीनत अमान, हेमा मालिनी जैसी अभिनेत्रियों को आइकॉनिक बना दिया था। आज की अभिनेत्रियों पर रेट्रो का असर सबसे ज्यादा है।

### दीपिका पादुकोण

फिल्म ओम शांति ओम में दीपिका ने मुमताज से प्रेरित रेट्रो लुक को इतने खूबसूरत अंदाज में पेश किया कि वो फैशन खुद एक ट्रेंड बन गया। हाई बन हेयरस्टाइल, कैट आई लाइनर और बॉटम फिटिंग साड़ी स्टाइल आज भी पार्टीज़ में छाया रहता है।

### कंगना रनौत

कंगना रेट्रो फैशन की क्वीन मानी जाती हैं। 70s के स्टाइलिश ब्लाउज़, बफैंट हेयरडू, बेल-बॉटम्स और विंटेज साड़ियों में उनका अंदाज क्लासिक ब्यूटी का उदाहरण है। वह अक्सर पब्लिक इवेंट्स में रेट्रो लुक को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ कैरी करती हैं।

## पसीने की बदबू करती है परेशान तो ट्राई करें ये आसान घरेलू उपाय, रहेंगे दिनभर फ्रेश

पसीने की बदबू को आप सिर्फ परफ्यूम के इस्तेमाल से कंट्रोल नहीं कर सकते। इससे आपको और परेशानी हो सकती है। ऐसे में यदि आप भी पसीने की बदबू से परेशान हैं तो हमारे बताए गए घरेलू नुस्खों को आजमाकर देख लें। इन नुस्खों को ट्राई करके आप पसीने की बदबू से राहत पा सकते हैं।



### नींबू आएगा काम

यदि आपके अंडर आर्म्स से पसीने की बदबू काफी ज्यादा आ रही है तो नींबू आपके काम आ सकता है। इसके लिए नींबू को काटकर उसे अंडर आर्म्स में रगड़ें। नहाने से दस मिनट पहले इस नुस्खे को आजमाएं, और फिर नहा लें। हो सकता है कि नींबू आपको सूट न करें, ऐसे में ध्यान रखें कि यदि इसके इस्तेमाल के बाद त्वचा पर जलन हो रही है, या फिर इरिटेशन हो रही है तो इसे तत्काल प्रभाव से धो लें। यदि ये आपको सूट कर रहा है तो नहाने से पहले हर रोज नींबू का इस्तेमाल करके पसीने की बदबू से राहत पाएं।

### एप्पल साइडर विनेगर

सेब का सिरका खाने में तो काम आता ही है, पर क्या आप जानते हैं कि आप इसका इस्तेमाल पसीने की बदबू को दूर करने के लिए भी कर सकते हैं। ये शरीर के पीएच लेवल को संतुलित करने में मदद करता है और बैक्टीरिया को बढ़ने से रोकता है। इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं तो रुई की मदद से इसे अंडरआर्म्स पर लगाएं। इसका इस्तेमाल भी नहाने से ठीक 15 मिनट पहले करें। 15 मिनट बाद नहाकर इसे साफ कर लें। ये बैक्टीरिया को जड़ से खत्म करता है, जिस कारण बदबू कंट्रोल में रहती है। आप पैच टेस्ट के बाद हर रोज इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

## गर्मी से बेजान हो गई है त्वचा तो अपनाएं कुछ नुस्खे, खिल उठेगी आपकी स्किन


कौन नहीं चाहता कि उसकी त्वचा खिली-खिली रहे। लेकिन गर्मी के मौसम में चेहरा अपने आप डल होने लगती है। दरअसल, गर्मी में तेज धूप और पसीने से त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में स्किन का सही तरीके से ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। डल स्किन को हटाने के लिए वैसे तो महंगी-महंगी क्रीमें बाजार में मिलती हैं, लेकिन कई बार ये असर नहीं दिखातीं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी स्किन की खोयी हुई रंगत फिर से वापस आ जाएगी।

### एलोवेरा जेल लगाएं

गर्मी से त्वचा बेजान हो रही है तो एक बार पैच टेस्ट करने के बाद दिन में कम से कम दो बार एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। एलोवेरा त्वचा को ठंडक देता है, हाइड्रेट करता है और डलनेस दूर करता है। इसलिए आप बिना सोचे इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### आलू का रस

यदि गर्मी से चेहरे पर काले धब्बे और टैनिंग हो



रही है तो उसके लिए आलू का रस आपकी मदद करेगा। इसके लिए आलू को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें और फिर उसे चेहरे पर अप्लाई करें।

### नींबू और शहद का फेसपैक

चेहरे की डलनेस को दूर करने के लिए इस पैक का इस्तेमाल किया जा सकता है। नींबू ब्लीचिंग का काम करता है और शहद त्वचा को मॉइस्चराइज करता है।

### कार्नर न्यूज

### काले रंग के कपड़े गर्मी के मौसम में अलग तरह से करें स्टाइल

## गर्मी में डार्क रंग के कपड़ों से बढ़ जाता है शरीर का तापमान, ऐसे स्टाइल करें ब्लैक आउटफिट

शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा होगा, जिसे ब्लैक रंग न पसंद हो। ये एक ऐसा रंग है, जिसे कभी भी, किसी भी मौके पर पहना जा सकता है। ब्लैक रग का आउटफिट अपने आप में ही रॉयल लुक देने का काम करता है। लेकिन गर्मी के मौसम में ब्लैक आउटफिट पहनने में काफी परेशानी आती है।

दरअसल, गर्मी के मौसम में डार्क रंग पहनने से न सिर्फ और भी ज्यादा गर्मी लगती है, बल्कि घमौरियां होने की आंशंका भी काफी हद तक बढ़ जाती है। इसी कारण हम आपको गर्मी में ब्लैक आउटफिट को सही तरह से स्टाइल करने के टिप्स देंगे। इन टिप्स को फॉलो करके आप अपने लुक में बदलाव कर सकते हैं।

### फैब्रिक हो सही

अपने लिए ब्लैक आउटफिट खरीद रहे हैं, या उसे पहनने जा रहे हैं तो पहले ये देख लें कि इसका फैब्रिक गर्मी के मौसम के हिसाब से हो। गर्मी के मौसम मे आप कॉटन, लिनन या रेयॉन फैब्रिक के ब्लैक आउटफिट कैरी कर सकते हैं।



सिंथेटिक फैब्रिक से दूर रहें, इससे आपकी त्वचा पर इंफेक्शन का खतरा रहेगा।

### बॉडी फिटिंग से रहें दूर

गर्मी के मौसम में ज्यादा फिटिंग के कपड़े वैसे भी दिक्कत बढ़ा सकते हैं। खासतौर पर यदि इनका रंग ब्लैक होगा, तो ये आपको और परेशान कर देंगे। इसलिए इस मौसम में हमेशा ढीले ब्लैक आउटफिट ही पहनें, ताकि आपकी त्वचा पर किसी तरह की कोई परेशानी न होने पाए।

### लेयरिंग से रहें दूर

इस भीषण गर्मी में तो वैसे भी लेयरिंग से दूर



ही रहना चाहिए। पर, जब बात हो रही है ब्लैक आउटफिट की तब तो इस बात को गांठ बांध लें कि इसके साथ लेयरिंग तो भूल के भी न करें। इससे आपकी परेशानी कई गुना बढ़ जाएगी लेयरिंग सिर्फ सर्दी के मौसम में अच्छी रहती है।

### एक्सेसरीज हो हल्की

अपने ब्लैक आउटफिट लुक के साथ हल्की एक्सेसरीज का चयन करें। हैट, सनग्लासेस, हल्की ज्वेलरी या स्लिंग बैग के साथ अपने लुक को कंप्लीट करें। इसके साथ यदि आप ज्यादा हैवी एक्सेसरीज कैरी करेंगे तो इससे भी आप परेशानी में पड़ सकते हैं।

### मेकअप रखें लाइट

गर्मी के मौसम में वैसे भी ज्यादा हैवी मेकअप की जरूरत नहीं पड़ती है। खासतौर पर जब आप ब्लैक रंग का आउटफिट कैरी कर रही हैं, तब तो अपने मेकअप को एकदम ही मिनिमल रखें। थोड़ा सा भी ज्यादा मेकअप आपको गर्मी में परेशान कर देगा।